डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
10 जुलाई 2025 गुरुवार

आज का मौसम
25 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

### मप्र सरकार का गुरु पूर्णिमा उत्सव शुरू, पूरे प्रदेश में कार्यक्रम

# 195 करोड़ की सौगात, चार लाख स्कूली विद्यार्थियों को सरकार ने बांटी साइकिल

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव मना रही है और इसके तहत छात्रों को बड़ी सौगात भी दी गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में टीटी नगर के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या स्कूल के नव-निर्मित, सर्व-सुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया और प्रदेश के विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण किया।

इस योजना के तहत प्रदेश के 4.30 लाख छात्रों को साइकिलें मिल रही हैं। योजना के मुताबिक वर्ष 2025-26 में राज्यभर के करीब 4 लाख 30 हजार पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित करने की तैयारी काफी समय से जारी थी। इस महत्वाकांक्षी योजना पर सरकार ने 195 करोड़ रुपए व्यय किये हैं। सरकार का मानना है कि इन साइकिलों के मिलने पर दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के समस्त विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इन कार्यक्रमों के दौरान छात्रों को प्रार्थना सभा में गुरु पूर्णिमा के महत्व और भारतीय पारंपरिक गुरु-शिष्य संस्कृति के बारे में जानकारी दी जा रही है। राजधानी में हुए मुख्य कार्यक्रम में कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह समेत मंत्री विश्वास सारंग, चेतन्य कुमार काश्यप, कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री और भगवान दास सबनानी उपस्थित थे।





### 36 करोड़ से बदली सांदीपनि स्कूल की सूरत

राजधानी का पुराना कमला नेहरू सांदीपनि कन्या स्कूल भवन अब 36 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसमें सर्व-सुविधायुक्त लैब, एक विशाल लाइब्रेरी और एक मॉडर्न ऑडिटोरियम तक शामिल हैं। इसके अलावा, विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्मार्ट डिजिटल कक्षाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग, करियर काउंसिलिंग और इनडोर-आउटडोर खेल की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्कूल के आसपास के 10 किलोमीटर की दूरी से आने वाले बच्चों के लिए निःशुल्क परिवहन की सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे छात्राओं को सुरक्षित और सुलभ शिक्षा मिल सकेगी।

## अब ट्रंप ने ब्राजील पर की जबर्दस्त टैरिफ स्ट्राइक, 50 फीसदी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज ब्राजील से आयात होने वाले सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इसे लेकर उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक लेटर शेयर किया। इसमें उन्होंने ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति और अपने दोस्त जायर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहे मुकदमे की निंदा की। ट्रम्प ने कहा कि बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहा मुकदमा ब्राजील के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी है, यह एक तरह विच हंट (बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाना) है।

उल्लेखनीय है कि बोल्सोनारो पर 8 जनवरी 2023 को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में हुए दंगों के लिए कथित रूप से तख्तापलट की कोशिश का आरोप है। ट्रम्प ने कहा- ब्राजील में फ्री इलेक्शन पर हमला हो रहा है और अमेरिकी लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को कंट्रोल किया जा रहा है। इस वजह से 1 अगस्त 2025 से ब्राजील से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 50त्न टैरिफ लगाया जाएगा।




### सम्मानित नेता थे पूर्व राष्ट्रपति

ट्रम्प ने लिखा- ब्राजील ने पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो एक सम्मानित नेता थे। उनके साथ जो व्यवहार किया, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक है। यह मुकदमा तुरंत खत्म होना चाहिए। उन्होंने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बोल्सोनारो को अगले चुनाव में भाग लेने से रोकने और ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल और रंबल पर सेंसरशिप आदेशों का भी जिक्र किया।

## निवेश के लिए दुबई व स्पेन की उड़ान भरेंगे सीएम

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव अब दुबई और स्पेन की यात्रा पर जा रहे हैं। यात्रा की शुरुआत 13 जुलाई से होगी, जो 6 दिन की रहेगी। वह 3 दिन दुबई में रहेंगे और अंतिम 3 दिन स्पेन में बिताएंगे। उनके साथ अफसरों का एक दल भी रहेगा। जिसमें सीएम सचिवालय के एसीएस नीरज मंडलोई समेत अन्य अफसर होंगे। इस दौरान पूरा जोर प्रदेश में निवेश लाने पर रहेगा। वह दोनों ही देशों के उद्योगपतियों से करेंगे वन-टू-वन चर्चा करेंगे। वहां की सरकार के प्रतिनिधियों से भी निवेश पर संवाद होंगे। उल्लेखनीय है कि सीएम नवंबर में यूके व जर्मनी की यात्रा कर चुके हैं, फिर जनवरी में जापान भी गए थे। विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार पहली विदेश यात्रा में मप्र को लंदन के 12 प्रमुख औद्योगिक घरानों ने 59 हजार 350 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले थे जबकि जर्मनी यात्रा में भी सीएम ने 12 प्रमुख औद्योगिक घरानों के प्रमुखों से मिले थे, वन-टू-वन बातचीत की थे। जिसमें 17 हजार 890 करोड़ के निवेस का भरोसा मिला था।



## शेयर बाजार में जारी है गिरावट का सिलसिला

**मुंबई एजेंसी।** इस कारोबारी हफ्ते के चौथे दिन आज गुरुवार को सेंसेक्स करीब 100 अंक गिरकर 83,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में करीब 30 अंक की गिरावट है, ये 25,460 पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 20 शेयरों में तेजी और 10 में गिरावट है। इससे पहले कल हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन भी सेंसेक्स 176 अंक गिरकर 83,536 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 46 अंक की गिरावट है, ये 25,476 पर बंद हुआ। माना जा रहा है कि अमेरिका के टैरिफ टेरर और अन्य वैश्विक परिस्थितियो के चलते यह हालात हैं।



### लोगों में दहशत, हालातों पर नजर रखे हुए हैं अफसर

# दिल्ली से राजस्थान तक कांपी धरती

**नई दिल्ली।, एजेंसी।**

आज सुबह दिल्ली व आसपास भूकंप के तेज झटके से दहशत है। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकेंड तक झटके आए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। दरअसल, अफगानिस्तान में 19 अप्रैल को दोपहर रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया था। हालांकि जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया उसके दफ्तर की कुर्सी हिली। इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप सतह से 86 किलोमीटर नीचे आया। इसका केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में था। यह इलाका भूकंप के लिए सेंसिटिव जोन में गिना जाता है।



### हवाईजहाजों ने रास्ता बदला

# सड़कें बनीं तालाब, नदी में डूबने से 6 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आज सुबह से दिल्ली व एनसीआर में आज तेज बारिश का दौर शुरू हुआ है। कल भी खराब मौसम के कारण 6 फ्लाइट को डायवर्ट किया गया था तेज बारिश के कारण दिल्ली की कई सड़कों पर पानी भर गया और घंटों तक ट्रैफिक जाम रहा। गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। गाड़ियां पानी में तैरती दिखीं। इधर मप्र के जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। कल शाम नरसिंहपुर में नदी में बहने से 3 बच्चों की मौत हो गई। वहीं हरियाणा के कैथल में तालाब में नहाने गए 3 बच्चों की डूबने से जान चली गई। महाराष्ट्र के नागपुर में तेज बारिश के कारण 71 गांव का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा है।

### मप्र में अलर्ट

मध्यप्रदेश में आज मानसूनी बारिश से मंडला, नरसिंहपुर, उमरिया, शिवपुरी, जबलपुर, रीवा, शहडोल-सागर के साथ ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। आज गुरुवार को 14 जिलों में अति भारी और 22 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रेश की रिपोर्ट दो दिन बाद सार्वजनिक होगी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच रिपोर्ट अब 2 दिन बाद सार्वजनिक कर दी जाएगी। मामले की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो कर रही है। नियमों के मुताबिक, हादसे के 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट अपलोड करनी होती है। एक दिन पहले खबर आई थी कि प्राइमरी जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी गई है। ये रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है। हालांकि सूत्रों ने किसी भी तरह की प्राइमरी रिपोर्ट सौंपे जाने से इनकार किया था। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।



### अरुणाचल सीएम की बीजिंग को दो टूक

# आपकी गलती ठीक कर दूं, हम तिब्बत के साथ बॉर्डर साझा करते हैं न कि चीन के साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**नैरेटिव सेट करने के खेल में अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने चीन को उसी के स्टाइल में जवाब दिया है। पेमा खांडू ने गुरुवार को एक इंटरव्यू में कहा कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा तिब्बत के साथ लगती है न कि चीन से। पहली बार में उनका ये बयान अजूबा और गलत लग सकता है। हमें शुरू से ही बताया गया है कि पूर्व दिशा में भारत की लगभग 1200 किलोमीटर की सीमा चीन से लगती है।**

लेकिन इस तथ्य को अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने डिप्लोमैटिक ट्विस्ट दे दिया है। पेमा खांडू ने कहा कि भारत का अरुणाचल प्रदेश राज्य चीन के साथ नहीं बल्कि तिब्बत के साथ 1200 किलोमीटर की सीमा साझा करता है।

सीएम पेमा खांडू ने ये बयान तब दिया है जब दलाई लामा के बहाने तिब्बत चर्चा में है। इसके अलावा चीन कई बार अरुणाचल प्रदेश पर अपना अवैध, बेबुनियाद दावा जताता रहता है। इस दावे की पुष्टि के लिए चीन एकतरफा तौर पर इस क्षेत्र के कई इलाकों के नाम बदलता रहता है।



### आपकी गलती ठीक कर दूं

इंटरव्यू के दौरान जब उन्हें बताया गया कि अरुणाचल प्रदेश की 1200 किलोमीटर की सीमा चीन से लगती है तो उन्होंने तुरंत टोकते हुए कहा, मैं आपकी गलती ठीक कर दूं, हम तिब्बत के साथ बॉर्डर साझा करते हैं न कि चीन के साथ। उन्होंने आगे कहा कि आप मैप देखिए सच्चाई ये है कि भारत का भी राज्य सीधे तौर पर चीन से बॉर्डर शेयर नहीं करता है, हमारी सीमा सिर्फ तिब्बत से लगी हुई है। यह ठीक है कि 1950 में चीन ने वहां आकर तिब्बत पर जबरदस्ती कब्जा किया, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है, ये बात अलग है, आधिकारिक तौर पर तिब्बत अब चीन के अधीन है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन हम मूल रूप तिब्बत के साथ सीमा साझा करते हैं।

**मेट्रो एंकर**

### पांच महीने दूसरा और साल भर में तीसरी बार हुआ क्रेश

# क्या जगुआर को बाय-बाय करने का वक्त आ रहा है...?

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान के चुरू के पास कल एक जगुआर प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद कई सवाल भी फिर पैदा हो रहे हैं। इसने कारगिल व सियाचीन में अपनी ताकत दिखाई थी। अब पांच महीने में यह दूसरा जुगआर क्रेश है। इस हादसे में भारतीय वायुसेना के दो पायलटों की मौत हो गई। आईएएफ ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया गया है। दरअसल जगुआर एक कम ऊंचाई पर उड़ने वाला सुपरसॉनिक यानि आवाज की गति से तेज रफ्तार वाला लड़ाकू विमान है। इसके उत्पादन के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने साझेदारी की थी। 1960 में पहली बार इसे बनाने की तैयारी शुरू हुई और 1968 से लेकर 1981 तक इसका उत्पादन किया गया। शुरुआती दौर में इसे ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स और फ्रांस की वायुसेना ने इस्तेमाल किया।



उल्लेखनीय है कि भारतीय वायुसेना इस वक्त छह स्क्वाड्रन में करीब 120 जगुआर लड़ाकू विमान ऑपरेट करती है। इसकी 5वीं स्क्वाड्रन को टस्कर्स (हाथी) कहा जाता है। वहीं, 14वीं स्क्वाड्रन को बुल्स (बैल) कहा जाता है। यह दोनों स्क्वाड्रन अंबाला में तैनात हैं। काफी पहले इस लड़ाकू विमान को अमेरिका-रूस के बीच शीत युद्ध के मद्देनजर परमाणु क्षमताओं के इस्तेमाल लायक बनाया था। विदेशी बाजार में जगुआर को उम्मीद के मुताबिक खरीदार नहीं मिले, लेकिन भारत, ओमान, इक्वाडोर और नाइजीरिया में वायुसेनाओं ने इस लड़ाकू विमान को काफी पसंद किया। इन देशों ने अपने अलग-अलग सैन्य अभियानों में जगुआर का इस्तेमाल भी किया। भारत को पहली बार जगुआर लड़ाकू विमान का प्रस्ताव 1968 में इसका उत्पादन शुरू होने के साथ ही मिला था। हालांकि, तब भारत ने झिझकते हुए इसे खरीदने से मना कर दिया था। फिर 1978 में भारत जगुआर विमान खरीदने वाला सबसे बड़ा आयातक बन गया। तब भारत की तरफ से जगुआर के लिए 1 अरब डॉलर का ऑर्डर दिया गया था। भारत ने इसे दसौ के मिराज एफ1 और साब के विगेन के ऊपर तरजीह दी थी। भारत ने 40 जगुआर विमानों के जरिए वायुसेना को मजबूत करने की कोशिशें शुरू कर दीं। 2019 में जब भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक कीं, तब जगुआर को एफ-16 लड़ाकू विमानों को चकमा देने और टारगेट क्षेत्र से दूर करने के लिए इस्तेमाल किया गया। इसी साल मार्च में हरियाणा के पंचकूला स्थित मोरनी के बालदवाला गांव के पास को भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अप्रैल में जामनगर के पास दुर्घटना हुई थी।

### आवाज से तेज, रडार की नजर से दूर

भारत ने दो अलग-अलग मौकों पर जगुआर का बेहतरीन इस्तेमाल किया है और इसके जरिए पाकिस्तान को खदेड़ा भी है। ये फाइटर जेट एक बार में 900-1000 किमी तक उड़ान भर सकता है, लेकिन इसकी खास क्षमता रडार की पकड़ में आए बिना जमीन के करीब उड़ान भरने की है, जिसमें जगुआर 650 किमी तक उड़ सकता है। हालांकि करीब 44 साल पहले इसका निर्माण बंद हो चुका है।

## गुजरात पुल हादसे में मृतक संख्या 15 हुई, चार लापता



**अहमदाबाद एजेंसी।** गुजरात पुल हादसे में आज मरने वालों का आंकड़ा 15 पहुंच गया है। एनडीआरएफ के तलाशी अभियान में आज सुबह दो शव बरामद हुए। वहीं, चार लोग अभी भी लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। रमेशभाई (पिता), नैतिक (बेटा) और वेदिका (बेटी) भावनगर के बगदाणा जा रहे थे। आज तीनों का अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था।

## सड़कें हैं तो गड्ढे भी होंगे..!

भोपाल। राजधानी समेत मप्र के कई इलाकों की सड़के खराब हो रही हैं। कुछ बारिश का असर है और कुछ निर्माण को लेकर लापरवाही का भी। मगर सड़कों के गड्ढों को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का एक कथन सामने आया है कि अभी ऐसी कोई तकनीक नहीं आई है, जिसके आधार पर कहा जा सके कि ऐसी सड़क बनाएंगे जिस पर कभी गड्ढा होगा ही नहीं। उनका कहना है कि जब तक सड़कें रहेंगी तब तक गड्ढे होते रहेंगे। गलत तब है जब चार साल तक खराब न होने वाली सड़क में छह माह में ही गड्ढे हो जाएं।











### दो महीने तक यात्रियों को नई सुविधा

# आज से भोपाल से उज्जैन के बीच सावन स्पेशल ट्रेन शुरु



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

अब राजधानी से उज्जैन के बीच रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाने की शुरूआत हो रही है। आज 10 जुलाई से इसकी शुरुआत होगी। भोपाल से रोज रात 2.15 बजे ट्रेन रवाना होगी, जो अगले दिन सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेंगी। वहीं, उज्जैन से रात 9 बजे रवाना होकर 1.05 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। यह ट्रेन संत हिरदाराम नगर, सीहोर, कालापीपल, शुजालपुर, अकोदिया, कालीसिंध, बेरछा, मक्सी और तराना स्टेशनों पर भी रुकेंगी। इससे भोपाल, सीहोर, शाजापुर और उज्जैन के यात्रियों को फायदा मिलेगा। सावन के चलते लाखों श्रद्धालुओं को ट्रेन का फायदा मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित है और मेल/एक्सप्रेस ट्रेन के अनुसार सामान्य श्रेणी का किराया लगेगा। कोच कंपोजीशन के अनुसार, गाड़ी में 7 सामान्य श्रेणी, 2 एसएलआरडी सहित 09 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-भोपाल स्पेशल 10 जुलाई से 31 अगस्त तक उज्जैन से प्रतिदिन रात 9 बजे चलेगी, जो तराना रोड पर रात 9.30 बजे पहुंचेंगी।

इस तरह मक्सी में रात 9.45 बजे, बेरछा में रात 10.02 बजे, कालीसिंध में रात 10.15 बजे, अकोदिया में रात 10.35 बजे, शुजालपुर में रात 10.48 बजे, कालापीपल में रात 11.05 बजे, सीहोर में रात 11.36 बजे, संत हिरदाराम नगर में रात 12.40 बजे और भोपाल रेलवे स्टेशन पर रात 1.05 बजे पहुंचेंगी। वापसी में गाड़ी 09314 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर 11 जुलाई से 1 सितंबर तक भोपाल से प्रतिदिन रात 2.15 बजे चलेगी।

इसके बाद यह संत हिरदाराम नगर पर रात 2.38 बजे, सीहोर में रात 3.10 बजे, कालापीपल में रात 3.40 बजे, शुजालपुर में सुबह 4.20 बजे, अकोदिया में सुबह 5.40 बजे, कालीसिंध में सुबह 5.10 बजे, बेरछा में सुबह 5.25 बजे, मक्सी में सुबह 5.55 बजे, तराना रोड पर सुबह 6.20 बजे और उज्जैन में सुबह 7.20 बजे तक पहुंचेंगी। प्रत्येक स्टेशन पर ट्रेन 2-2 मिनट के लिए रुकेंगी।

### कर्मचारियों को सताई भविष्य की चिंता

# बारिश ने हाउसिंग बोर्ड के 9 करोड़ी रेनोवेशन की खोली पोल, पेंशन-पीएफ रिकार्ड खराब !

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी की अरेरा हिल्स पर पर्यावास भवन में मप्र हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में करीब 9 करोड़ रुपए के रेनोवेशन को लेकर कई तरह की चर्चा व शिकायतें चल पड़ी हैं और सीएम, सीएस, डीजीपी, लोकायुक्त और पीएमओ तक भेजी जा रही हैं। इसे घोटाला कहा जाने लगा है। हाल ही में बारिश ने काम में भ्रष्टाचार की पोल खोल दी, क्योंकि बोर्ड की लेखा शाखा का पूरा पेंशन और जीपीएफ रिकॉर्ड भी पानी में बह गया। इस घटना से न केवल दर्जनों कर्मचारियों और अधिकारियों को पेंशन और भविष्य निधि पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, बल्कि यह खतरा भी मंडरा रहा है कि अब फर्जी रिकॉर्ड तैयार कर एक और घोटाले को अंजाम दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि हाउसिंग बोर्ड के मुख्यालय भवन का रेनोवेशन कार्य, जिसकी वास्तविक लागत एक करोड़ से कम हो सकती थी, उसे मनमाने तरीके से 9 करोड़ रुपए तक पहुंचाया गया। कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसकी पुष्टि अब खुद बारिश ने कर दी है। हालत यह है कि रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की बुनियादी व्यवस्था तक नहीं की गई। इस कथित रेनोवेशन मामले में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगे हैं और ढेरों शिकायतें तक हुई हैं। बताया जा रहा है कि वे जहां भी तैनात होती हैं, वहां उनका कार्यकाल विवादित हो जाता है। उन्होंने पूर्व मुख्य लेखा अधिकारी को भी हटवाकर एक लापरवाह अधिकारी को नियुक्त करा दिया, जिससे रिकॉर्ड प्रबंधन और पारदर्शिता की उम्मीद ही समाप्त हो गई।

उधर इस मामले में बात के लिये वरिष्ठ अफसरों से संपर्क नहीं हो सका, मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने इस पर टिप्पणी से इंकार किया। वहीं नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा है कि शिकायतकर्ता आज तक सामने नहीं आया है और पूरा काम ओपन टेंडर से हुआ है।





फाइल फोटो

### 4 कमिश्नर बदल गए, लेकिन...

हैरानी की बात यह है कि पिछले दो वर्षों में हाउसिंग बोर्ड में चार कमिश्नर बदले गए, लेकिन कोई भी श्रीवास्तव की कार्यशैली में बदलाव नहीं आया। बताया जाता है कि पूर्व आयुक्त मनीष सिंह को जब पता चला कि उक्त अधिकारी की जीएडी में जांच चल रही है तो उन्हें दरकिनार कर पूरा काम अपने हाथ में ले लिया था। कहा तो यह तक जाता है कि जब भी इस पूरे घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव, विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, तो कार्रवाई के बजाए शिकायत करने वालों को ही प्रताड़ना झेलनी पड़ी।

# शहर की फिटनेस इंस्ट्रक्टर को मिला मिसेज इंडिया का खिताब

**भोपाल दोपहर मेट्रो**



राजधानी की फिटनेस इंस्ट्रक्टर हिमानी सिंह ने मिसेज इंडिया एम्प्रेस ऑफ द नेशन 2025 खिताब जीता है। अब वे इंटरनेशनल खिताब जीतने की तैयारी में जुट गई हैं। मिसेज इंडिया प्रतियोगिता हाल में पुणे में हुई थी। जिसका संचालन अंजना मस्कारेनस और कार्ल मस्कारेनस ने किया था। बॉलीवुड अभिनेता तनिषा मुखर्जी और रोहित रॉय इस आयोजन के सेलिब्रिटी जज रहे।

हिमानी के मुताबिक प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान उन्हें कई ग्रूमिंग सेशन्स से गुजरना पड़ा, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिला और उन्होंने मंच पर बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 53 प्रतिभागी थीं और उम्र के आधार पर उन्हें अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया था, जिसमें हिमानी ने गोल्ड कैटेगरी में जीत दर्ज की।

खास बात यह है कि हिमानी भोपाल की लाइसेंस प्राप्त जुम्बा ट्रेनर और फिटनेस कोच हैं जो ऑनलाइन क्लासेस के जरिए लोगों को फिटनेस की ट्रेनिंग देती हैं। उन्होंने 2024 में मिसेज मध्य प्रदेश का भी खिताब जीता था। उनके पति शिवेंद्र सिंह सिविल कॉन्ट्रैक्टर हैं।

## एम्स के निदेशक डॉ. सिंह अब आयुर्विज्ञान विवि के कुलपति

**भोपाल।** राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के वर्तमान निदेशक डॉ. अजय सिंह को अब उत्तर प्रदेश के आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, इटावा का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति कुलाधिपति की स्वीकृति के बाद की गई है। वे इस पद पर तीन साल की अवधि तक या 68 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, बने रहेंगे। डॉ. सिंह एम्स भोपाल के निदेशक के रूप में 4 अगस्त तक अपनी सेवाएं देते रहेंगे। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन के क्षेत्र में गहरा और प्रभावशाली अनुभव रखने वाले सिंह के कार्यकाल में भोपाल एम्स ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके तीन साल के कार्यकाल में संस्थान ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं, खासकर मरीजों की सेवा, अनुसंधान और चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार में काफी नवाचार भी हुए हैं।

# एक्सीडेंट में बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर घायल, बाइक चालक पर केस

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

बैरसिया इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज कराने के बाद बुजुर्ग ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कालूराम साहू ( 64 ) ग्राम सोहाया थाना बैरसिया में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। बीती 29 जून की सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपनी मोटर सायकिल से ग्राम सोहाया से बैरसिया जाने के लिए निकले थे। गैलेक्सी ढाबे के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनकी मोटर सायिकल में टक्कर मार दी, जिससे कालूराम सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद बाइक चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल कालूराम को इलाज के लिए बैरसिया स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनके पैर का आपरेशन हुआ। इलाज कराने के बाद कालूराम घर पहुंचे तो गांव के लोगों ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक की गाड़ी का नंबर बताया। उसके बाद कालूराम ने थाने पहुंचकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

### युवक को कार ने मारी टक्कर

बिलखिरिया इलाके में सड़क किनारे बाइक पर बैठकर मोबाइल चला रहे एक युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक को गंभीर चोट आई है। टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हुई कार आगे जाकर दीवार से टकरा कर रुक गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। योगेश आठिया अपनी बहन के छोडऩे के लिए कालेज गया था। वापस लौटते समय अतिथि ढाबे के पास उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी की और उस पर बैठकर किसी से मोबाइल पर बातचीत करने लगा। इसी दौरान पीछे की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे योगेश को सिर और हाथ-पैरों में गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। योगेश के टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हुई कार आगे जाकर दीवार से टकरा कर रुक गई।

**मैट्रो एंकर** बारिश में विकास के प्रोजेक्ट्स ने बढ़ाई परेशानी

# संतनगर नहीं कस्बा कहिए.. बदहाल सड़कें, लापरवाह सफाई व्यवस्था, चौपट सीवेज सिस्टम और बंद स्ट्रीट लाइटें

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

राजधानी का प्रमुख कारोबारी इलाका होने के बाद आधी-अधूरी सुविधाओं के चलते कस्बाई नजर आता है। बदहाल सड़कें, लापरवाह सफाई व्यवस्था, चौपट सीवेज सिस्टम और बिजली व स्ट्रीट लाइट की समस्याएं यहां की पहचान बन गई हैं। विकास तो दूर इन मूलभूत समस्याओं का भी समाधान नहीं हो पा रहा है।

उपनगर में भविष्य के हिसाब से यातायात के लिए दो बड़े प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। एक है मेन रोड डबल डेकर फ्लाई और दूसरा है फाटक रोड पर



आरओबी। दोनों ही विकास कार्य बारिश में बड़ी परेशानी बने हुए हैं। रहवासियों का कहना है कि विकास कार्य आने वाले समय के हिसाब से आकार ले रह हैं, लेकिन जो समस्याएं मौजूद हैं, ऐसी बीते 50 सालों में नहीं देखी हैं। आम जनजीवन से जुड़ी मूलभूत समस्याओं का भी समाधान नहीं हो पा रहा है। समस्याओं के निदान की बातें होती हैं, लेकिन हकीकत कुछ और है। उपनगर की सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं और गड्ढों से भरी हुई हैं। इन जर्जर रास्तों पर चलना भी दूभर हो गया है।

### लापरवाह सफाई व्यवस्था

इलाके में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। गलियों और मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं, जिससे न केवल दुर्गंध फैलती है, बल्कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कचरा उठाने वाली गाड़ियां अनियमित रूप से आती हैं, जिसके कारण कई दिनों तक कचरा जमा रहता है, जिससे स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही हैं।

### चौपट सीवेज सिस्टम

क्षेत्र का सीवेज सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। गंदा और बदबूदार पानी सड़कों पर जमा रहता है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। कई निचले इलाकों में तो सीवेज का पानी घरों में घुसने तक की शिकायतें हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है और लोगों के घरों में गंदगी फैला रहा है।

### बिजली और स्ट्रीट लाइट की समस्या

शाम ढलते ही संत नगर के कई इलाकों में अंधेरा छा जाता है, क्योंकि स्ट्रीट लाइटें या तो जलती नहीं हैं या फिर रात में बंद रहती हैं। इससे राहगीरों को भारी असुविधा होती है और चोरियों व अन्य आपराधिक घटनाओं का डर बना रहता है। कई जगहों पर बिजली के तार खुले पड़े हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, लेकिन निगम के कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### शराबियों का जमघट से परेशानी

संत नगर में खुलेआम शराब का सेवन एक बड़ी सामाजिक बुराई बन गया है। असामाजिक तत्वों का सार्वजनिक स्थानों पर जमावड़ा लगा रहता है, जिससे नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में असुरक्षा की गहरी भावना घर कर गई है। पुलिस प्रशासन की ढिलाई के कारण ये गतिविधियां बेरोकटोक जारी हैं।







नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

शिक्षा के प्रकाश से जीवन को आलोकित करने वाले
**गुरुओं का आभार व्यक्त करती मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल**

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**कमला नेहरु सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल का लोकार्पण**

**एवं**

**विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण शुभारंभ कार्यक्रम**

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**10 जुलाई, 2025 । दोपहर 12:30 बजे**
**कमला नेहरु सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल**





तपोधरा मध्यप्रदेश ऋषि परंपरा की जीवंत धरोहर है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी बड़ा माना गया है। हमारा प्रदेश महर्षि सांदीपनि, जगतगुरु श्रीकृष्ण एवं अनेक कालजयी गुरुओं जैसे महर्षि वेद व्यास, अत्रि, अगस्त्य, च्वयन ऋषि, परशुराम, विश्वामित्र, दत्तात्रेय, ऋषि जाबाली, गालव ऋषि, पतंजलि, महावीर स्वामी, आदिशंकराचार्य, मत्स्येन्द्रनाथ, भर्तृहरि, चार्वाक, भरतमुनि, श्री वल्लभाचार्य, स्वामी हरिदास, गुरु नानकदेव, संत सिंगाजी, सेन भगत, संत रविदास, स्वामी जदरूप आदि की तपोभूमि और कर्मस्थली रही है। उनके तप, त्याग और ज्ञान से हमारे देश-प्रदेश ने सदैव ही दिशा पाई है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम उन सभी पूज्य गुरुओं का सादर वंदन करते हैं। सभी प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक मंगलकामनाएं।

**- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11061/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ कार्ड

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नित नए तेवरों को समझने और भांपने में ही कई देश अपनी ताकत झोंके हुए हैं। टैरिफ को लेकर जो डेडलाइन ट्रंप ने दी थी, वह दो दिन पहले खत्म हो गई। इसके पहले उन्होंने जापान समेत चौदह देशों पर टैरिफ बम फोडने के बाद नई डेडलाइन एक अगस्त कर दी है। मगर उनके अगले कदम को लेकर असमंजस बना हुआ है,बाजार भी सहमे और सतर्क हैं। दरअसल अमेरिका के व्यापार घाटे को ट्रंप टैरिफ का डंडा दिखाकर खत्म करना चाहते हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने रेसिप्रोकल टैरिफ से की और फिर खुद ही 90 दिनों की छूट दे दी। यह समयसीमा तय करते हुए ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने वाले देशों की लाइन लग जाएगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। ट्रंप बमुश्किल ब्रिटेन, चीन और वियतनाम के साथ डील कर पाए हैं। चीन के साथ डील भी अकेले पेइचिंग की नहीं, वॉशिंगटन की भी मजबूरी थी। ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि उनका प्रशासन दुनियाभर में चिट्ठी भेजकर बताएगा कि किस देश पर कितना टैरिफ लगाया जा रहा है। यह उन्होंने चौदह देशों के साथ किया भी है। किंतु हालात अप्रैल से अलग हैं। अब शायद ट्रंप का टैरिफ दबाव काम न आए। छह महीने से भी कम समय में ट्रंप की स्थिति बदल चुकी है। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों ही मोर्चों पर पहले की तरह मजबूत नजर नहीं आते। अपने कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने जिन अजेंडों के साथ की थी - प्रवासी संकट, इकॉनमी, व्यापार घाटा और युद्ध का खात्मा, सभी पर वह फंसे हुए हैं। प्रवासियों को लेकर कैलिफोर्निया में बवाल हो गया, जबकि उनका 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल उन्हीं की पार्टी के कई लोगों को पसंद नहीं आया हालांकि यह लागू जरूर हो गया है। उधर यूक्रेन युद्ध को लेकर उनके फैसलों और अभी तक शांति स्थापित नहीं करवा पाने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साख को धक्का लगा है। ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं और जो भी उनकी नीतियों से सहमति नहीं रख रहा, उसे विरोधियों की लिस्ट में डालते जा रहे हैं। यहां तक कि कभी उनके बेहद करीबी रहे इलॉन मस्क भी अब उनके खिलाफ हैं। ट्रंप की घोषणाओं के कारण गोते लगा चुका अमेरिकी शेयर बाजार बहुत मुश्किल से संभला है। ट्रंप अब शायद टैरिफ को हथियार बनाने की हालत में नहीं। ऐसे में भारत को अपनी शर्तों पर ही उनसे व्यापार डील करनी चाहिए। हालाकि ब्रिक्स देशों की समिट से परेशान ट्रंप ने कल ही कहा है कि - डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे नियमों के खिलाफ बताया है। ट्रम्प ने संकेत दिया है कि भारत के साथ व्यापार समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है।दोनों 2030 तक आपसी ट्रेड पांचसौ अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। अब तक के संकेतो से साफ और सुखद ही है कि इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे।

**व्यक्ति को कभी भी ज्यादा क्रोध नहीं करना चाहिए। क्योंकि क्रोध भ्रम पैदा करता है जिससे बुद्धि नष्ट हो जाती है।**
**- श्रीमद्भगवत गीता**

## आज का इतिहास

- 1246: नसीरुद्दीन मुहम्मद शाह दिल्ली की गद्दी पर आसीन हुआ।
- 1624: हॉलैंड और फ्रांस के बीच स्पेन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर।
- 1848: न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू।
- 1907: फ्रांस और जापान के बीच चीन की स्वतंत्रता और अखंडता को बरकरार रखने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1946: राजशाही खत्म होने के बाद इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना।
- 1965: महिलाओं के लिए पहला एनसीसी कालेज ग्वालियर में खुला।
- 1966: वायु सेना के लड़ाकू विमान मिग का महाराष्ट्र के नासिक जिले में निर्माण शुरू।
- 1972: मुंबई के मडगांव बंदरगाह से पूर्ण वातानुकूलित पोत हर्षवर्धन का जलावतरण।
- 1983: ब्रिटेन में मार्गरेट थैचर पुनः प्रधानमंत्री बनीं।
- 1986: भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर लॉर्ड्स में पहली टेस्ट जीता।
- 1997: फिजी में नए संविधान की मंजूरी के साथ भारतीय समुदाय को राजनीतिक अधिकार मिला।
- 1999: जिनेवा में अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन की शुरुआत।
- 2001: श्रीलंका की संसद को राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंग ने निलंबित किया।
- 2005: भारत और श्रीलंका में शिक्षा एवं सामुदायिक विकास से सम्बद्ध दो समझौतों पर हस्ताक्षर।
- 2005: अर्जेन्टीना जूनियर विश्वकप हॉकी का नया चैम्पियन बना।

## निशाना

### फिर कैसे उत्कर्ष



-कृष्णेन्द्र राय

जो सूची मतदाता है।
लेकर उसे बवाल।।
कोई उससे है खुश।
और कुछ करें बवाल।।
ना मिलती जब सत्ता।
करना पड़ता काम।।
भले राह में रोड़े।
और मुश्किलें तमाम।।
पाने को अधिकार।
है करना संघर्ष।।
बस केवल सवाल तो।
फिर कैसे उत्कर्ष ?
गड़बड़ी का है यदि शक।
मशविरा पर जोर।।
ना कुछ मिलने वाला।
जब केवल पुरजोर।।

# लेन-देन की कूटनीति के दौर में भारत का इम्तिहान

■ ज्योति मल्होत्रा

एक चीनी कहावत है 'काश ! हम मजेदार समय में जी सकें'। तेजी से आगे बढ़ती दुनिया में, बीता सप्ताह हमारे आसपास की दुनिया के कुछ रोचक पहलू सामने लाया। मामला कुछ भी हो, हालात का जायजा लेने में सप्ताहांत हमेशा अच्छा समय होता है।जब कभी चीन और पाकिस्तान के नेता मिलते हैं,तो अपने रिश्तों को लेकर, मंत्र सरीखे जिस वाक्यांश का आह्वान करते हैं : 'दोनों मुल्कों का जुड़ाव पहाड़ों से ऊंचा, समुद्र से गहरा और शहद से मीठा है' - वह तेजी से एक ऐसी हकीकत बनता जा रहा है, जो भारत के सामने मुंह बाए खड़ी है, चाहे हम जिस ओर भी मुंह घुमाएं। भारतीय सेना के उप-सेनाध्यक्ष, जनरल राजीव सिंह द्वारा चीन को लेकर की गई यह वाकपटु टिप्पणी कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसका तरीका 'उधार के चाकू से काम चलाने' वाला रहा,जब उसने भारत को चोट पहुंचाने के लिए हर कदम पर पाकिस्तान की मदद की - यह इस बात की पुष्टि है, अगर पुष्टि करना जरूरी है, कि चीन ही भारत का सबसे बड़ा दुश्मन है।

दो अन्य कारक भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। पहला, कि चीन का मुख्य प्रतिद्वंद्वी, यानि अमेरिका, वह भी पाकिस्तानियों के प्रति ज्यादा गर्मजोशी दिखा रहा है। दूसरा, अब जबकि दलाई लामा ने गत सप्ताहांत में उम्र के 90 साल पूरे कर लिए हैं, और अपने पुनर्जन्म को लेकर अटकलों को खुद ही यह कहकर विराम लगा दिया है कि उनका अगला जन्म चीन से बाहर होगा, एक आज़ाद और लोकतांत्रिक देश में, मसलन भारत-हालांकि, अभी साफ नहीं कि इस बदलती स्थिति पर केंद्र सरकार का नजरिया क्या रहेगा। अब लग रहा है कि इस सप्ताह क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की वाशिंगटन में होने जा रही बैठक से ऐन पहले जारी व्यक्तव्य में, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का नाम बतौर प्रायोजक लेने से परहेज रखा गया ,हालांकि 'सीमा पारीय आतंकवाद' की निंदा की गई है, एक सहमतिपूर्ण जुमला, जो संकेत देता है इससे परे जाकर कुछ नहीं कहा जाएगा- वहीं इसी वक्त पाक वायुसेनाध्यक्ष ज़हीर अहमद बाबर सिद्धू भी अमेरिकी राजधानी में मेजबानी का लुत्फ ले रहे हैं। सिद्धू की यात्रा पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के अमेरिका दौरे का अगला सिलसिला है, जब उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ असाधारण




मुलाकात का मौका देकर नवाज़ा गया था। इसी बीच, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता वार्ता अपनी परिणति की ओर है और भारतीय दल घर वापसी कर चुका है। अगर भारत अपना कृषि क्षेत्र खोले बिना अपना काम निकाल पाया, तो यह बड़ी जीत होगी। अमेरिका इसे पाकिस्तान के साथ संबंध बढ़ाने के बदले में एक कदम के रूप में भी देख सकता है।लेकिन यहीं आकर इन दिनों चीजें बिगड़ने लगती हैं। अमेरिका को मालूम है कि मोदी सरकार के लिए पाकिस्तान का नाम घृणास्पद है, लेकिन फिर भी वह पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व से मिलना जारी रखे है। अमेरिकी शासन के कुछ हिस्से खफा हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखे है। इसी बीच, रूस विश्व का पहला देश बन गया जिसने तालिबान सरकार को मान्यता दी है, मकसद है एशिया के भीतरी हिस्से में प्रभाव बढ़ाना। वह तालिबान जो पाकिस्तान का पड़ोसी है और अब दोस्त से दुश्मन बन चुका है। क्वाड वक्तव्य में कम-से-कम पहलगाम का जिक्र तो आया, भले पाकिस्तान का नाम सीधे न लिया हो। जबकि,पिछले हफ्ते, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन-नीत शंघाई सहयोग संगठन द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य पर दस्तखत करने से मना कर दिया था, क्योंकि इसमें न तो इस जघन्य कांड के पीछे रहे मुल्क का जिक्र था, न जगह का।

बड़ा सवाल, बल्कि कई सारे सवाल यह हैं कि हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र को लेकर बनाए ताकतवर समूह क्वाड में, जिसमें भारत मुख्य सहयोगी है, वह भी भारत द्वारा कही बातों का पूरा समर्थन क्यों नहीं करता। ये मुल्क, जानते हुए भी कि उनके एक सहयोगी क्वाड मुल्क को पाक-प्रायोजित आतंकी हमले से आघात लगा है, पाकिस्तान का सीधा नाम लेने से क्यों कतरा रहे? इतना ही नहीं, भारत इस नज़रिए को बदलने के लिए क्या कर सकता है? साफ है, मनगढ़ंत कहानियों पर काबू पाने के इरादे से मोदी सरकार ने पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत में होने जा रही दो प्रतियोगिताओं में खेलने की इजाजत दी। यानि एशिया कप और जूनियर वर्ल्ड हॉकी कप (पुरुष) में पाक हॉकी टीम खेलेगी, भले इसका कारण बताया जा रहा कि ये प्रतियोगिताएं द्विपक्षीय मैच न होकर अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में आती हैं। ज्यादा रोचक रहा पंजाब भाजपा इकाई को दिलजीत दोसांझ के बचाव में खड़े होते देखना कि किसलिए इस देशभक्त अभिनेता की ट्रोलिंग की जाए - और उसकी फिल्म पर लगा प्रतिबंध हटाया जाए - केवल इसलिए कि उसमें पाकिस्तानी अभिनेत्री ने काम किया है। कुछ दिन पहले, सरकार ने माहौल का जायजा लेने के लिए, पाकिस्तान की कुछ नामी हस्तियों जैसे शोएब मलिक, शाहिद अफरीदी और मावरा होकेन के कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स से प्रतिबंध हटाया था - लेकिन सोशल मीडिया पर इस कदम की प्रतिक्रिया देख इनको फिर से ब्लॉक करना पड़ा।रोचक है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता को रेखांकित करती सूचना का कुछ भाग ब्लॉक किए गए इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर आता रहा- मसलन, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के मुख्य सहयोगी राणा सनाउल्लाह का मशहूर पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर (उनका अकाउंट भी भारत ने ब्लॉक किया है) के साथ बातचीत में यह कहना कि पाकिस्तान उस वक्त बुरी तरह दवाब में आ गया था, जब नूर खान हवाई वायुसेना अड्डे पर भारतीय ब्रह्मोस मिसाइलों ने बुरी तरह कहर बरपा दिया था। राणा सनाउल्लाह के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के पास महज तीस-चालीस सेकंड ही यह तय करने के लिए थे कि किया क्या जाए। उन्होंने कहा : यदि हम भी अपनी मिसाइलें छोड़कर प्रत्युत्तर देते तो इससे टकराव में और विस्तार होता। स्पष्टतः, सनाउल्लाह पाकिस्तानी खेमे की पतली हुई हालत को स्वीकार कर गए, जब 10 मई की रात भारतीय वायु सेना ने अपनी कार्रवाई से निर्णायक तौर पर मामला निबटा दिया था। आजकल इस इंटरव्यू के छोटे-छोटे अंश सोशल मीडिया पर चले हुए हैं - लेकिन जरा अंदाजा लगाएं कि घुमाकर पेश किए गए इन प्रारूपों की बजाय अगर पूरा इंटरव्यू भारतीयों को देखने को मिलता, तो कितना प्रभाव पड़ता।

बीते सप्ताह का अन्य बड़ा मुद्दा रहा, दलाई लामा के बारे में सवाल। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू, जो खुद भी उस अरुणाचल प्रदेश से हैं जिसके त्वांग में छठे दलाई लामा पैदा हुए थे और जहां से होकर वर्तमान 14वें दलाई लामा ने 1959 में तिब्बत से पलायन करने के बाद भारत में प्रवेश किया था। उनको लेकर पिछले कुछ दिनों से इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि तिब्बती बौद्ध पवित्र संस्थानों के मामले में क्या होना चाहिए, इस बारे में और कोई नहीं (अर्थात चीन) बल्कि स्वयं वे ही तय कर सकते हैं। जो भी निर्णय प्रवास में रह रहे तिब्बती लोग अपने लिए तय करेंगे, मोदी सरकार कमोबेश उसके साथ चलना चाहेगी, लेकिन सब पक्षों को बखूबी पता है कि आज की कठोर दुनिया में, जहां हरेक मुल्क अपने हित बचाना चाहता है, इसकी संभावना कम ही है कि भारत सरकार अपने जोखिम पर चीन को नाराज़ करना चाहेगी।

पुराने वक्त के लोगों को याद होगा कि कैसे लगभग दस साल पहले प्रधानमंत्री मोदी और दलाई लामा के बीच गुप्त बैठक हुई थी, जब प्रधानमंत्री से मिलवाने के लिए तिब्बती धर्मगुरु को काले शीशों वाली और बिना नंबर प्लेट की कार में ले जाया गया था। आज की तारीख में, भारत का मानना है कि आस्था के मामलों में वह कोई रुख नहीं रखना चाहेगी, हालांकि धार्मिक स्वतंत्रता को बरकरार रखेगी। सवाल यह है, इस कूट-संदेश के मायने क्या हैं?

**(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## गुरु पूर्णिमा- 10 जुलाई 2025

# गुरु जीवनरूपी अंधेरों को मिटाकर उजाला करते हैं

■ ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है-ईश्वर से भी ऊंचा। गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, वे जीवन के वास्तुकार, जीवन-निर्माता एवं संस्कारदाता हैं। वे शिष्य को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि आत्मा के स्वरूप से उसका परिचय कराते हुए उसका जीवन-निर्माण करते हैं। वे न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, बल्कि जीवन की दुविधाओं, असमंजसों और भ्रमों को दूर कर उसे सार्थक दिशा देते हैं। ऐसे ही गुरु-तत्व के पूजन का पर्व है-गुरु पूर्णिमा, जो हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा और समर्पण से मनाया जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया, पुराणों की रचना की और महाभारत जैसा अद्वितीय महाकाव्य रचा। वे न केवल ज्ञान के स्रोत थे, बल्कि आत्मबोध के महामार्गदर्शक भी थे। गुरु पूर्णिमा सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पव हैं, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिये पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषतः सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है।

गुरु एक नाम नहीं, एक स्थिति है। वे केवल शरीरधारी व्यक्ति नहीं, एक दिव्य ऊर्जा हैं, जो हमारे भीतर शक्ति, ज्ञान एवं संस्कार को जागृत करती है। कबीरदास ने कहा- गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय? यह केवल काव्यात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की वह आधारशिला है, जिस पर जीवन की संपूर्ण संरचना टिकी है। गुरु वही है जो 'मैं' को गलाकर 'तू' में मिला दे, जो अहंकार को मिटाकर आत्मा को उभार दे। यह केवल पूजा का दिन नहीं, आत्म-प्रेरणा का दिवस है; गुरु के प्रति कृतज्ञता, मार्गदर्शन और जीवन को नया मोड़ देने वाले उस आधारस्तंभ को नमन करने का दिन है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यंत पूज्यनीय है। भारत की मनीषा में गुरु केवल धार्मिक या शैक्षणिक संस्था के सदस्य नहीं हैं, बल्कि वे एक आध्यात्मिक बीज हैं, जो शिष्य के अंतर्मन में चेतना का वृक्ष बनकर प्रस्फुटित होते हैं।

गुरु-शिष्य का संबंध केवल औपचारिक नहीं, आत्मिक होता है। शिष्य का अर्थ ही है- 'जो शीघ्र ग्रहण करे, जो समर्पित हो।' और गुरु का अर्थ है-'गु' यानी अंधकार और 'रु' यानी प्रकाश-जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में यह संबंध अत्यंत पवित्र और जीवनपर्यंत टिकने वाला होता था। शिष्य केवल विद्या ही नहीं, गुरु के जीवन से भी सीखता था। चरित्र, संयम, श्रद्धा, विनम्रता और सेवा जैसे गुण गुरु के व्यक्तित्व से शिष्य के भीतर स्वतः उतरते थे।



महावीर ने गौतम गणधर को, बुद्ध ने आनंद को, नानक ने अंगद को, श्रीकृष्ण ने संदीपनि को और फिर स्वयं अर्जुन को शिष्यत्व प्रदान किया। श्रीराम ने गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से जीवन की मर्यादा सीखी, वहीं श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में कर्मयोग का उपदेश देकर जगतगुरु का दर्जा पाया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता-वह जीवन का दृष्टिकोण बदल देता है।

आज भौतिकतावादी युग में गुरु के प्रति आस्था में गिरावट आई है। शिक्षा संस्थान सूचना का प्रसार कर रहे हैं, लेकिन जीवन मूल्यों का संचार नहीं कर पा रहे। विद्यार्थियों को डिग्रियां तो मिल रही हैं, पर दिशा नहीं। ज्ञान है, पर विवेक नहीं; विज्ञान है, पर आत्मा नहीं; बुद्धि है, पर करुणा नहीं। इसका मूल कारण है-जीवन में सच्चे गुरु का अभाव। आज ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं-पर गुरु नदारद हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि केवल पढ़ना-पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, जीवन जीने की कला सिखाने वाला गुरु चाहिए। गुरु जीवन की धार को नया मोड़ देते हैं। जैसे नदी जब किसी घाट से गुजरती है, तो उसका स्वरूप बदलता है, वैसे ही गुरु का सान्निध्य शिष्य के भीतर नई चेतना, नई दृष्टि और नया जीवन का संचार करता है। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके।

गुरु केवल उपदेश नहीं देता, वह जीता है। उसकी हर बात, हर चुप्पी, हर दृष्टि, हर मौन एक शिक्षा होती है। उसका जीवन एक ग्रंथ होता है, जिसकी हर बात शिष्य के जीवन में अमिट छाप छोड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है- गुरु बिना गति नहीं, गुरु बिना ज्ञान नहीं, गुरु बिना मोक्ष नहीं। गुरु ही शिष्य के अंतर्मन में आत्मा की चिंगारी प्रज्वलित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है- सच्चे गुरु की पहचान। आज ऐसे कई कथित गुरु हैं जो अपने अनुयायियों की संख्या, चमत्कारों और धन-संपत्ति के आधार पर महान कहलाते हैं। वे गुरु नहीं, व्यापारी हैं-जो मोक्ष, आत्मज्ञान, कुण्डलिनी जागरण, रोग निवारण और चमत्कारों के नाम पर लोगों की भावनाओं का दोहन कर रहे हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे अज्ञानी, धन-लोलुप और पाखंडी लोगों ने गुरु परंपरा की छवि को धूमिल किया है। सही कहा गया है-पानी पीजै छान के, गुरु कीजै जान के।

सच्चा गुरु न विज्ञापन करता है, न दिखावा। वह न चमत्कार दिखाता है, न भीड़ जुटाता है। वह मौन से शिक्षा देता है, दृष्टि से दिशा देता है और आशीर्वाद से शांति देता है। उसका सान्निध्य ही साधना है, उसकी चरण-वंदना ही ऊर्जा है। गुरु पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि चातुर्मास काल में जब ईश्वर निद्रा में होते हैं तब गुरु ही हमें मार्ग दिखाते हैं। वे हमारे दुःखों का हरण करते हैं, मोह का निवारण करते हैं और जीवन को नई दृष्टि देते हैं। गुरु का सच्चा सम्मान केवल उनकी मूर्ति पर फूल चढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना है। उनके उपदेशों को आत्मसात करना, अपने जीवन में विनम्रता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करना ही सच्ची गुरु-पूजा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में लिखा है-जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करहु गुरुदेव की नाईं। जिनके पास कोई गुरु न हो, वे हनुमानजी को गुरु बना सकते हैं-क्योंकि गुरुत्व एक चेतना है, एक भावना है, एक समर्पण है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वरतुल्य गुरु, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा?

गुरु वह दीप है, जो हमारे अंतर्मन के अंधकार को मिटाता है। वह वह द्वीप है, जो संसाररूपी समुद्र में दिशा देता है। वह वह वृक्ष है, जो तपते जीवन में छांव देता है। और वह ऐसी अग्नि है, जो चेतना को प्रज्वलित करती है। हमें इस गुरु पूर्णिमा पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सच्चे गुरु की तलाश करें-जो भीतर की यात्रा कराए, जो अहंकार को तजने में सहायता करे, जो आत्मा की पहचान कराए। गुरु जीवन का वह मोड़ है, जहां से जीवन बदलता है। वह नया घाट है, जहां से आत्मा का जल बहता है। अंततः, गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, आत्म-बोध और समर्पण का पर्व है। यही इसकी सार्थकता है कि हम गुरु को केवल पूजें नहीं, अपने भीतर जगाएं। जब तक जीवन में सच्चा गुरु नहीं आता, तब तक आत्मा मौन रहती है। जैसे ही गुरु आता है, आत्मा गूंज उठती है। गुरु जीवन को नया घाट देते हैं, नयी झंकार देते हैं।

**(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लॉक अधिकारियों द्वारा किया जा रहा निरीक्षण

# अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारी सतर्क

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में हो रही अतिवृष्टि के कारण कई जगह जलभराव एवं बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त अनुविभागीय स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी फील्ड लेवल पर भ्रमण पर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। भारी बारिश के चलते जिले के विभिन्न नदियों, नालो तथा छोटे पुल एवं पुलिया पर बाढ़ की संभावना निर्मित हो गई है तथा अधिकतम जलस्तर भी गवर्निंग लेवल के समीप पहुंच चुका है। उक्त स्थिति को देखते हुए समस्त प्रशासनिक अधिकारी बाढ़ एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्र का सतत निरीक्षण कर रहे हैं तथा स्थिति के सामान्य होने तक लोगों का आवागमन पुल पुलिया आदि स्थानों पर रोक दिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभाग पिपरिया में विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव द्वारा भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया द्वारा सांडिया पहुंचकर बढ़े हुए हुए जलस्तर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की किसी भी स्थिति में कोई भी नागरिक पैदल चलकर पुल पर ना करें यह सुनिश्चित किया जाए साथ ही महिलाओं बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें पुल के एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाया जा सके। उन्होंने गवर्निंग लेवल के ऊपर पानी होने के समय घाट के समीप स्थित मंदिरों को भी खाली किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है की गत दिवस बर्गी बांध के गेट खोले जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पिपरिया तहसील अंतर्गत बाढ़ सम्वधी पुल, रपटे, शहरी क्षेत्र मे कॉलोनियों मे जल भराव क्षेत्रो का निरीक्षण किया आवश्यक निर्देश सम्बधित विभागों को प्रदाय किये। बाढ़ आपदा राहत सम्वधी निर्देश प्रदाय किये। चिन्हित राहत केंद्र सांडिया,चौरसिया मैरिज गार्डन एवं ग्राम पंचायत सिवनी का निरीक्षण किया, वहाँ मूल- भूत सुविधाओं हेतु निर्देशित किया भी गया।

इसी प्रकार अनुविभाग इटारसी अंतर्गत निचली बस्तियों में जलभराव हो जाने के कारण एसडीएम इटारसी श्री टी प्रतीक राव द्वारा निरीक्षण कर जल निकासी की व्यवस्था हेतु आवश्यक उपाय किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने स्वयं प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी का निर्देश दिए की जल निकासी हेतु निरंतर आवश्यक कार्रवाई की जाती रहे।

सोहागपुर अनु विभाग अंतर्गत एसडीएम अनिल जैन द्वारा सतत रूप से क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित नाले नालियों एवं पुलों का निरीक्षण किया जा रहा है जिन स्थान पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है उन स्थानो पर एसडीएम के निर्देश अनुसार आवाजाही बंद की गई है।

अनुविभाग सिवनी मालवा अंतर्गत एसडीएम श्रीमती सरोज परिहार द्वारा डूब क्षेत्र ग्राम पापन का निरीक्षण किया गया तथा लोगों को समझाइए दी गई की बढे हुए जलस्तर के कारण नदियों एवं घाटों के समीप जाने से बचे साथ ही पुल एवं रपटो पर पानी अधिक होने पर उन्हें पार ना किया जाए।

तहसील स्तर पर भी तहसील स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बनाए गए बचाव शिविरों में पहुंचा जा रहा है। ग्राम कोटवारों, नगर रक्षकों तथा आपदा मित्रों को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है तथा बाढ़ प्रभावित पुल, रपटो, तथा अन्य क्षेत्र पर भी आवागमन को बंद किया गया है।

# मां बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही

- 11 जुलाई से 11 अगस्त तक मनाया जायेगा विश्व जनसंख्या माह.
- विश्व जनसंख्या माह के अंतर्गत परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जाएगा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरसिंह गेहलोत ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगो के बीच में बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। यह आवश्यक है कि हम विकराल रूप ले चूकी जनसंख्या वृद्धी को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कदम उठाएं। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों/योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जायेगा।इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम इस प्रकार है- योजनाबद्ध पितृत्व के लिए स्वस्थ समय और गर्भधारण के बीच अंतराल इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का नारा है माँ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही। उल्लेखनीय है कि परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है। डॉ नरसिंह गहलोत ने कहा कि हमारा प्रदेश भी जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। परिवार नियोजन की जानकारी ना होने से अवांछित गर्भधारण में वृद्धि के कारण मातृ मृत्यु दर, स्वास्थ्य संबंधी जटिलतायें एवं नवजात के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। परिवार नियोजन की सेवायें मुख्य रूप से आधुनिक, लघुकालीन और दीर्घकालीन गर्भनिरोधकों, स्थायी परिवार नियोजन साधनों, सूचना, परामर्श और सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 2025 ( 11 जुलाई से 11 अगस्त तक ) के दौरान जन समुदाय में जागरुकता बढ़ाने, नवाचारों के माध्यम से परिवार नियोजन के महत्व पर व्यापक प्रचार-प्रसार व सेवाप्रदायगी के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम को सार्थक किया जा सकता है। विश्व जनसंख्या माह अन्तर्गत व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सभी चिन्हित लक्ष्य दंपत्तियो से संपर्क कर उन्हे प्रेरित करना दंपत्तियों के मध्य परिवार नियोजन के साधनों के विषय में जानकारी प्रदाय की जाने की सुविधा जिसमे वे अपनी पसंद का साधन का उपयोग कर सके। जनसंख्या नियंत्रण के लिए शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों/योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के दौरान जन समुदाय में जागरूकता बढ़ाना, नवाचारों के माध्यम से परिवार नियोजन के महत्त्व पर व्यापक प्रचार-प्रसार व सेवाप्रदायगी के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम को किया जाएगा।

### तेंदूखेड़ा क्षेत्र का मामला : एयर बेग खुलने से नहीं हुई जनहानि

# भीषण हादसा : तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, परखच्चे उड़े पर यात्री बचे

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र लगातार सड़क हादसे हो रहे और थमने का नाम नहीं ले रहे हैं कभी बाइक सवार टकरा रहे हैं तो कभी वाहन चालक अंधे मोड़ पर शिकार हो रहे हैं कभी अनियंत्रित होकर वाहन पलटते रहते हैं बुधवार को भी थाना के अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर एक तेज रफ्तार कार बम्हौरी की घाट पर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया रफ्तार इतनी तेज थी टक्कर के बाद पेड़ भी उखड़ गया और दूर जा पहुंचा हादसे में कार के सामने से परखच्चे उड़ गए हैं हादसे के बाद कार में सवार सभी यात्री राहगीर सुरक्षित बताएं जा रहे हैं

हादसा इतना भीषण था कि जिसने भी यह हादसा देखा तो लोगों के मुंह से एक ही बात निकलकर सामने आ रही थी कि कार में सवार लोग बचे नहीं होंगे क्योंकि कार के परखच्चे उड़ गए थे और पेड़ से टकराकर दूर जा पहुंची घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 15 सीबी 6149 जो तेन्दूखेड़ा की और से सागर तरफ जा रही थी लेकिन रास्ते में हादसा हो गया हादसे में बाद कार सवार सभी लोग कार को छतिग्रस्त हालत में छोड़कर अन्य वाहन से सागर चले गए घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस और डायल 100 मौके पर पहुंची और कार की जांच पड़ताल की और कार को सड़क किनारे सुरक्षित किया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बताया गया है हादसे का कारण अंधा मोड़ है जहां पर कार रफ्तार के साथ थी तभी मोड़ पर कोई जंगली जानवर सामने आ गया और



उसे बचाने के चक्कर में अंधे मोड़ पर सड़क किनारे लगे पेड़ से कार टकरा गई और कार के परखच्चे उड़ गए तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है राहगीरों ने देखा कि एक कार सड़क किनारे पेड़ से टकराकर छतिग्रस्त हालत मे खड़ी हुई है तो लोगों ने वहा खड़े होकर कार के अन्दर देखा तो कार के एयरबेग खुले हुए थे जिसे देखकर लोगों ने कहा कार सवार लोग एयर बेग खुलने से इतने भीषण हादसे से सुरक्षित बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई है अगर कार में एयर बेग नहीं होते तो कार में सवार लोगों का बचना मुश्किल था क्योंकि हादसे में कार चालक के हिस्से तरफ से चकनाचूर हो गई है इ पाटन से रहली तक जबलपुर सागर स्टेट हाइवे 15 पर 20 से ज्यादा खतरनाक अंधे मोड़ है जहां पर आए दिन हादसे घटित होते रहते हैं लेकिन इस और शासन प्रशासन द्वारा सूचना व संकेत बोर्ड लगाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

## जिले में अब तक 4432 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 09 जुलाई को प्रात~ 8 बजे तक जिले में 4432.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1690.7 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 09 जुलाई 2025 को प्रात~ 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 514.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 328.0 मिलीमीटर, इटारसी में 388.8 मिलीमीटर, माखननगर में 343.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 582.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 564.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 724.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 610.0 एवं तहसील डोलरिया में 377.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 957.60 फीट है, तवा जलाशय का 1149.90 फीट है, बरगी जलाशय का 418.95 मीटर एवं बारना जलाशय 345.07 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है ।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सीरुमल नवलानी को पौधरोपण कर दी श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला लघु उद्योग संघ के द्वारा किशनपुरा औद्योगिक क्षेत्र में जिला लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राम नवलानी के पूज्य पिताजी स्वर्गीय सीरूमल नवलानी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में समस्त उद्योगपतियों के परिजन जिनका विगत समय में स्वर्गवास हो गया था. उनकी स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सम्माननीय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक आदरणीय डॉ सीताशरण शर्मा, नगर पालिका की अध्यक्षा श्रीमती नीतू यादव जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे वार्ड पार्षद प्रकाश गौर , विधायक प्रतिनिधि अमित महाला, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साहू , चंदन साहू वरिष्ठ भाजपा नेता जय भारत मंच मध्य प्रांत के उपाध्यक्ष उदित द्विवेदी जिला लघु उद्योग संघ के संरक्षक/मार्गदर्शक योगेश पांडे , अरुण दीक्षित , मुकेश श्रीवास्तव , महेश आहूजा , लक्ष्मी कांत गुप्ता संघ



के अध्यक्ष राम नवलानी, महासचिव गौरव सेठ, कोषाध्यक्ष प्रदीप सैनी , अतुल गौर , दीपक शर्मा, रमेश साहू, राजू राव, शक्ति सिंह रघुवंशी, अजय वर्मा, विजय खत्री पंकज तिवारी शिवम तिवारी ,डॉ मनीष चौहान सोनू गक्कर , अभिषेक गौर महेश आहूजा, योगेश आहूजा, लखन आहूजा , शिवम् आहूजा ,अंकित वधवानी अभिषेक गौर श्रीचंद इंडस्ट्री , विपिन नवलानी , राकेश नवलानी, जयकिशन आहूजा संजय रिछारिया ,हर्ष माखीजा, प्रेम माखीजा ,चम्पालाल राठौर, प्रशांत सक्सेना, किशन सिंह आनंद , विक्रम सिंह राजपूत, जनता किराने वाले चौकसे , गुरप्रीत सिंह , घनश्याम आहूजा, राजू आठवानी ,सत्यम तिवारी, भजन लाल आहूजा, सुरेश पटेल, वली मोहम्मद खान ,ऋशांक दुबे,योगेश कटारे,पवन गौर,आशीश गौर ,अमित गौर,इमरान खान, चेतन शर्मा, विकास चौकसे, आशीष राय,अनिल साहू, व्यापारी महासंघ से महेन्द्र चौकसे, राजेश राठौर जिला रेडक्रॉस समिति से शेरसिंह बढ़कुर , सुमित सोलंकी,साहू समाज से नर्मदा प्रसाद साहू , अनिल साहू ,मनीष साहू ,संजय साहू, उपस्थित रहे.

## सर्व हिन्दु एवं सीताराम भक्तों द्वारा 4 अगस्त को निकाली जाएगी विशाल शिव पालकी

**सिवनीमालवा।** सिवनीमालवा के प्रसिद्ध दूधियाबढ़ में सर्व हिंदू संगठन एवं सीताराम भक्तों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सीताराम भक्तों की भव्य शिव पालकी को निकालने हेतु सबके सुझाव सुने गए एवं सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाली 4 अगस्त 2025 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे शिव पालकी जिला सहकारी बैंक रेलवे गेट बानापुरा से प्रारंभ होकर बानापुरा से सिवनीमालवा की प्रमुख मार्गों में भ्रमण करते हुए सिवनीमालवा शंकर मंदिर में पूजन-आरती के पश्चात समापन होगा।पालकी प्रारंभ होने से पूर्व जिला सहकारी बैंक स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर में बाबा भोलेनाथ का लघु रुद्र अभिषेक कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा कराया जाएगा। जिसका समय प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक रहेगा। बैठक के समापन में दुधियाबढ़ मंदिर प्रांगण में सीताराम भक्तों द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

# संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को संभाग आयुक्त एवं पचमढ़ी क्लब के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में पचमढ़ी क्लब की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सीसीएफ अशोक कुमार, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, ब्रिगेडियर तामोजित विश्वास, कर्नल जितेंद्र सिंह चिब, एसडीएम पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, उप संचालक एसटीआर, लेफ्टिनेंट कर्नल ए.के. डगुरे, लेफ्टिनेंट कर्नल नीरजा ओझा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील एम.एल., उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौड़ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान पचमढ़ी क्लब की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के चुनाव, क्लब के उपयोग एवं वित्तीय व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही क्लब के मरम्मत कार्य एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित बिंदुओं पर भी आवश्यक निर्णय लिए गए।

संभाग आयुक्त एवं क्लब अध्यक्ष कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों एवं सदस्यों के समन्वित सहयोग से क्लब का संचालन सुनियोजित ढंग से किया जाएगा, ताकि क्लब के उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**मेट्रो एंकर** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया आभार व्यक्त..

# मूंग खरीदी केंद्र का सांसद चौधरी ने किया शुभारंभ

**स्थानीय सांसद ने तौल कांटे का पूजन कर किया किसानों का स्वागत.**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बनखेड़ी के ग्राम चांदौन स्थित गणपति वेयर हाउस में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र का शुभारंभ बुधवार को लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने तौल कांटे का पूजन



कर किसानों व हम्मालों का स्वागत किया। इस केंद्र पर मूंग खरीदी सेवा सरकारी समिति चांदौन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी का समर्थन मूल्य पर खरीदी की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन ने की कराई थी। और जो निरंतर चल रही है जिसका बड़ा लाभ किसानों को मिल रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग के उत्पादन में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना का किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर नायब तहसीलदार मरावी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य नीतिराज सिंह पटेल समिति वेयर हाउस संचालक हेमराज पटेल प्रबंधक मयंक तोमर संत बालकदास मुन्ना लाल वर्मा शिवपाल पटेल सहित किसानों की उपस्थिति रही।

## श्री हरिकथा पूजन के साथ जन्मदिवस

**तेन्दूखेड़ा !** वार्ड क्र 12 निवासी उदय सेन अपनी पुत्री का प्रत्येक जन्मदिन प्रातः श्री हरि कथा पूजन के साथ प्रसाद वितरण कर सायं नगर के



गायत्री प्रजापीठ में वैदिक सनातन संस्कृती अनुसार दीपयज्ञ कर मनाते हैं, इनकी बेटी ने भी 9 वर्षो से आज तक केक काटने की अपनी इच्छा व्यक्त नहीं की । पिछले 3 वर्ष से उदय सेन विश्वहिन्दू परिषद के प्रखण्ड मंत्री के दायित्व पर रहकर नगर के प्रत्येक धार्मिक-सामाजिक कार्यो में सदैव पूर्ण समर्पण भाव से सेवाकार्य एवं सनातन के प्रचार-प्रसार में सम्मलित रहते हैं। आधुनिकता की दौड में केक काटना मोमबत्ती बुझाने के कार्य को सर्वथा अनुचित एवं पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण बताते हुए उनका समाज के लिए एक प्रेरणाप्रद संदेश होता है ।

# मवेशियों से फसल बचाने एसडीएम को बरेज के किसानों दिया ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

इन दिनों अधिकांश ग्रामों में किसान आवारा मधेशियों से परेशान हो रहे हैं। इनसे फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है इसको लेकर एसडीएम को लगातार ज्ञापन देने के लिए आ रहें हैं।बुधवार को बरेज के किसानों ने पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी के साथ आवेदन देते हुए कहा कि 40 से 50 मवेशियों का झुंड एकदम से खेतों में जाकर फसल चौपट कर रहा है इनसे मुक्ति दिलाने के लिए इनको गौशाला में रखवाने की व्यवस्था करवाई जाए यदि ऐसा नहीं किया गया तो यहां हमारे फसले पूरी बर्बाद कर देंगे इस तरह के हालात अधिकांश ग्रामों में देखने को मिल रहे हैं जहां पर गौशाला है वहा भी मवेशी इसी तरह नुकसान कर रहा है। कई किसान गांवों से मवेशियों को शहर में छोड़ कर चले गए हैं इस वजह से इनकी संख्या बढ़ रही है। रात्रि में सड़कों पर इनका जमावड़ा लगा रहता है दुर्घटना भी हो रही है।

दूसरी और सरकार के द्वारा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाएं संचालित करवाई जा रही है पर जिनके कांधों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी है । इनकी अनदेखी के कारण व्यवस्थित रूप से काम नहीं हो पा रहा है। गौशालाएं होने



के बाद भी मवेशियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है भूख प्यास से भी तड़प रही है परन्तु इनकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। सड़कों पर इनकी संख्या अधिक होने से रात्रि में दुर्घटनाएं भी हो रही है झुंड के झंडे इनके शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों नजर आ रहा है यह हालत तब बना रहे हैं जब नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में गौशालाओं का संचालन हो रहा है। मवेशियों की संख्या को देखते हुए से लग रहा है कि अधिकांश गौशालाएं केवल कागजों में संचालित हो रही है इनको जांच करने के लिए कोई नहीं पहुंच रहा है। जबकि शासन से करोड़ों रुपए का फंड भी गौशालाओं को संचालित करने के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है इसके बाद भी मवेशियों की संख्या शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह आवारा रूप से अधिक संख्या में नजर आ रही है सड़कों पर मवेशियों की धमा चौकड़ी होने के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही है जानवर भी घायल हो रहे हैं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की गौशालाओं में मवेशियों को रखने काम ज्यादातर जगह पर नहीं किया जा रहा है इस वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं।

जिम्मेदारी अधिकारी कई इनका निरीक्षण करने जाते ही नहीं है इनकी रिपोर्ट भी कागजों में ही लग जाती है। सरपंची बदल गई पर पुराने सरपंच कई जगह गौशालाओं का संचालन कर रहा है इस कारण विवाद बना हुआ है इसकी सजा मवेशियों को भुगतनी पड़ रही है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं।

## सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप का आयोजन

**सिरोंज।** विदिशा भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 10 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत नटेरन मेंए 11 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत लटेरी में 14 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत कुरवाई मेंए 15 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत सिरोंज में 16 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत गंज बासौदा में 17 जुलाई 2025 को जनपद पंचायत विदिशा में जिले में 7 दिवासिये भर्ती शिविरों का अयोजन प्रात: 11बजे से सांय तीन बजे तक किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किलाए ग्वालियर का किलाए इंदौरए पीथमपुर भोपालए मडदीपए दैनिक भास्कर आफिसए रतलामए उज्जैनए धार की गुफायें महाकाल मंदिरए खजुराहो का मंदिरए आयोध्या राम मन्दिरए सांची स्तूपए आगरा का ताजमहलए ग्वालियर का किलाए एसबीआई बैंकए आईडीबीआई बैंकए गुजरात औल मप्र में 14000 से 18000 रुपये की सैलरी पर रखा जाएगा।

## उद्यानिकी योजनाओं एमपी टास्क पोर्टल पर पंजीयन की अनिवार्यता

**सिरोंज।** विदिशा उद्यानिकी विभाग के माध्यम से क्रियान्वित सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ लेने हेतु आवेदकों को आन लाइन एमपीटास पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीयन के हितलाभ से लाभान्वित नहीं हो सकेंगे। उघानिकीय विभाग के सहायक संचालक श्री श्यामलाल सोलंकी ने बताया कि उद्यानिकी विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराए तत्पश्चात विभागीय योजनाओं क्रमश: फल,सब्जी,मसाले,पुष्प, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना क्षेत्र के कृषक बंधुओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उद्यानिकी विभाग की सभी योजनाओं में अनुदान का लाभ प्राप्त करने हेतु MPFSTS पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। कृ जल्दी करें!

## लघु सिंचाई संगणना के कार्यों का समय सीमा में संपादित कराने के निर्देश जारी

**सिरोंज।** जिले के सभी तहसीलदारों को विशेष ध्यान देने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। सभी तहसीलदारों को अपने अपने पटवारियों से 7वी लघुसिंचाई संगणना 2023-24 के उल्लेखित जानकारियां हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा ने बताया कि विदिशा जिले में कुल 1651 गांव है।इन गांवों में सिंचाई का रकबा संकलित विकासखंडवार कुल गांव की संख्यात्मक जानकारी के अनुसार गंजबासौदा में 289, ग्यारसपुर में 205, कुरवाई में 225, लटेरी में 206, नटेरन में 187 , सिरोंज 302 और विदिशा विकास खंड में 237 गांव है। सभी विकासखंड में निर्धारित प्रपत्र में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। जिसमें पूर्ण की गई गांव की संख्या जहां कार्य प्रगति रथ है काम शुरू नहीं हुआ है और गणना करता द्वारा में किए गए गांव की संख्या इन बिंदुओं पर जानकारियां अपेक्षित की गई है।

## जिले में आज 8.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिरोंज।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर बुधवार नौ जुलाई की प्रात: आठ बजे 8.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि सर्वाधिक वर्षा पठारी तहसील में 36 मिमी और सबसे कम लटेरी एवं गुलाबगंज तहसील में क्रमश: एक-एक मिमी दर्ज हुई है।

### मालिक समीर अग्रवाल की पुलिस कर रही है तलाश

# को-ऑपरेटिव सोसाइटी एलजेसीसी कंपनी लोगों के 3 करोड़ लेकर चंपत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज जनता के साथ धोखाधड़ी करके कोऑपरेटिव सोसाइटी एल जे सी 1 साल से लापता हो गई पर जमा करने वाले ने एक एजेंट पकड़ कर पिछले दिनों पुलिस के हवाले कर दिया इसके बाद पुलिस ने मामले की तह तक जाने के लिए पूछताछ की तो मालिक का नाम भी सामने आ गए हैं इसके डायरेक्टर की भी कुंडली पुलिस के सामने आ गई है पुलिस ने मुंबई निवासी कंपनी के मालिक समीर अग्रवाल के साथ 10 लोगों पर 420 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके एजेंट कृष्ण मोहन अहिरवार को तो गिरफ्तार कर लिया बाकी की तलाश है धीरे-धीरे के पत्ते खुल रही है कि इस कंपनी ने केवल नगर से तीन से चार करोड रुपए वसूले हैं जिनको वापस लेने के लिए जमा करता परेशान हो रहा है। जिसमें मनीष चौरसिया के अकेले 30 लख रुपए हैं 10 लाख की 2 एफडी है ऐसे कई छोटे बड़े व्यापारी दुकानदार हम लोग जमा राशि को वापस लेने के लिए महीनो से भटक रहे है। प्रतिदिन लोगों से राशि लेने वाले एजेंट की संख्या भी 30 से 40 बताई जा रही है जबकि पुलिस अभी 10 पर ही मामला दर्ज कर पाई अशोकनगर से भी मोटी रकम इस कंपनी ने वसूली है प्रदेश में इनका साम्राज्य फेल हुआ था। पुलिस कंपनी के मालिक को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है उसको सफलता मिलेगी या नहीं है तो आने वाले दिनों में ही पता




चलेगा। अभी पुलिस ने एल जे सी कंपनी मालिक सहित 10 पर फरियादी प्रमोद त्यागी की रिपोर्ट पर कंपनी के मालिक समीर , अग्रवाल, अलोक जैन, रवि तिवारी , सुरषटि निवासी मुंबई राहुल यादव झांसी निवासी, अंगद कुशवाहा निवासी विदिशा, वीरेंद्र कुशवाहा सिरोंज, आशीष चौरसिया, निवासी सिरोंज, प्रमोद नामदेव एवं कृष्ण मोहन अहिरवार निवासी सिरोंज पर धारा 111(1)111 (2) 111(3)111(4) 318, (4) 316( ) 2 bns (6) एवं धोखाधड़ी की धारा में मामला करके आरोपियों की तलाश की जा रही है कृष्ण मोहन को पुलिस को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं वाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

कई सालों से फर्जी सोसाइटियां खोलकर करोड़ों आम जनता लेकर गायब हो गए हैं। पहली बार हम जनता के साथ धोखा धडी करने वाली सोसाइटी एल जे सी सी कंपनी पर प्रकरण दर्ज किया है। बरसों से

जमा करता राशि को पाने के लिए जमा करने वाले दर-दर भटकना है। इनको संचालित करने वाले स्थानीय पढ़े-लिखे युवाओं को इस काम में लगती हैं। फर्जी सोसाइटी चलने वाले पहले तो बड़े तामझाम दिखाती हैं कुछ लोगों को छोटी-मोटी राशि भी देती है बड़ी रकम वसूलकर इनको चलने वाले गायब हो जाते हैं। थोड़ी-थोड़ी राशि जमा करने वाले दुकानदार उत्त राशि के लिए परेशान हो रहे हैं। एज जे सी सोसाइटी के एजेंट को जरूर जमा कर्ताओं ने पड़कर पुलिस के हवाले किया है उसके बाद शिकायत करने वालों की लाइन लग गई। ऐसी कई फर्जी समिति है जो लोगों जमापूंजी लेकर चली गई है। लंबे समय चली और 1 साल से बंद था एल जे सी नाम की सोसाइटी तथा एजेंटों पर जमा करने वालों की शिकायत पर पुलिस ने शिकंजा करने के लिए अपनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। कुछ सालों कई छोटे और बड़े दुकानदार से प्रतिदिन रकम वसूल रही थी पिछले 1 सालों तक छोटी रकम वापस कर दिए इसके बाद बड़े खाते खोलकर बड़ी रकम वसूल कर कार्यालय भी बंद कर दिया और इसको चलाने वाले भी लापता हो गए। मेहनत की कमाई में से कुछ राशि जोड़ने के लिए ऐसा करने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो है कि लोगों को ठगने के लिए पहले तो बड़े स्तर पर कार्यालय खोला था मोटी राशि लेकर वापस करने की बारी आई तो कार्यालय बंद कर दिया गया। एजेंट भी गायब हो गए थे। वहीं शनिवार की रात्रि में 176000 जमा करने वाले महेंद्र जैन ने कृष्णा मोहन के एजेंट को पकड़ लिया और जमा-पूंजी वापस मांगी तो कहने लग सोसाइटी बंद हो गई इसके बाद एजेंट को थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया जैसे ही राशि जमा करने वलों को इसके पकड़े जाने की जानकारी लगी तो शिकायत करने वालों की भीड़ लग गई। थाना प्रभारी पंकज गीते ने बताया कि अब तक 11 लोगों ने लिखित में शिकायत की है 10 लाख के करीब इनकी रकम जमा है और भी लोग शिकायत करने आ सकते हैं एफआईआर दर्ज करके कई कार्रवाई की जा रही है।लंबे समय से हमको भी इसकी तलाश थी कृष्ण मोहन पर प्रकरण दर्ज करके अन्य लोगों की जानकारी ले रहे हैं साथ ही जमा राशि कहां होती थी उसकी जानकारी लेकर आगे कार्रवाई भी करेंगे दूसरी ओर इस तरह की कई फर्जी समिति या सोसाइटी अभी भी शहर में काम कर रही है ऐसे लोगों की बातों में फंसकर कोई भी अपनी जमा पूंजी इनको ना दे थोड़ा ब्याज ज्यादा देने के लालच में आकर कई दुकानदार इनको प्रतिदिन पैसे देते खाता खोलते समय एजेंट बड़े-बड़े सपने दिखाती है इस वजह से कई लोग इनके फेर में फंस जाते हैं कुछ दोनों के बाद फर्जी तरीके से इनको चलाने वाले रफू चक्कर हो जाती है। करोड़ रुपए का गोलमाल इन फर्जी सोसाइटियों ने अब तक किया है। बड़े-बड़े ऑफिस खोलते हैं कुछ महीना तक काम अच्छा चलता है जैसे ही रकम अच्छी हो जाती है तो सोसाइटी संचालित करने वाले सामान समेट लेते हैं एजेंट भी परेशान होते हैं। इनके संचालक बड़े शातिर होते हैं वसूली के लिए स्थानीय पढ़े-लिखे युवाओं को इस काम में लगते हैं मतलब पूरा होते चलते बनते हैं जमा करने वाले इनको ढूंढते रहते है।

**इनका कहना है**

> अभी इस मामले में कार्रवाई चल रही है मलिक समीर अग्रवाल सहित 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज करके इनकी तलाश कर रहे हैं। कितनी जमा पूंजी है उसका भी पता नहीं चल पाया कई शिकायतकर्ता सामने आ चुके हैं ।
>
> -पंकज गीते थाना प्रभारी

# कलेक्टर ने एफपीओ कार्यो का लिया जायजा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में पंजीकृत एफपीओ एवं सीएलएफ के कार्यो की समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित की गई थी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोड़िया, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केएस खपेडिया, पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक श्री एनके शुक्ला, नाबार्ड की जिला प्रबंधक श्रीमती जसप्रीत कौर, लीड़ बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल के अलावा एफपीओ एवं सीएलएफ के सदस्यगण तथा विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में कृषक उत्पादक कंपनी, संगठन (एफपीओ) के उद्धेश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि किसान अकेले परेशान ना हो इसके लिए किसान संगठन मे रहे और उनके उत्पादको का बेहतर दाम मिले और संगठन के माध्यम से क्षेत्र में ख्याति अर्जित करना है। उन्होंने सभी एफपीओ के सदस्यो से कहा कि नरवाई नहीं जलाने वाले एफपीओ को पुरस्कृत करने हेतु जिला पंचायत सीईओ को प्रक्रिया क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए गए है। इससे पहले जिले में कुल कितने एफपीओ, सीएलएफ पंजीकृत है उनके क्लस्टरवार अलग-अलग छोटे-छोटे ग्रुप गठित करने की सलाह दी गई ताकि सशक्तिकरण के क्षेत्र में आर्थिक रूप से सबल हो सके।



## कलेक्टर ने वाटरशेड विकास कार्यों की समीक्षा की

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित सभा कक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास घटक के कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में उन्होंने वाटर शेड के कार्यों की जानकारी ऑनलाइन अंकित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित सरपंचों से संवाद कर पंचायत स्तर पर किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। सरपंचों द्वारा ग्राम की समस्याओं व सुझावों से भी अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंचायत स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को निर्धारित बजट में से उक्त कार्यों को पूर्ण कराए जाने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने वाटरशेड विकास कार्य मद अंतर्गत पूर्ण कार्यों के प्रस्तुत विवरण की जानकारी भी ली। उन्होंने अमृत सरोवर, चेक डैम, कंटूर ट्रंच, खेत तालाब, ग्रेबियम तालाब और सामुदायिक वृक्षारोपण के कार्यों की समीक्षा भी की। साथ ही साथ उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई ना जलाने व नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उक्त समीक्षा बैठक में उन्होंने जिन योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों को ऋण मुहैया कराए गए हैं उसकी राशि समय सीमा में वसूल करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं में उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम ग्राम भ्रमण कर अधिकारियों से भूसा मशीन, मसाला उत्पादन मशीन सहित इत्यादि कार्यों के लिए भी मशीन क्रय करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक को निर्देश दिए है कि जिले में हरेक एफपीओ के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए जो किसान संगठन के पदाधिकारियों को कार्यो के क्रियान्वयन में कहीं कोई दिक्कत आती है तो उसका समाधान अविलम्ब हो सकें। उन्होंने हरेक एफपीओ में कितने कितने किसान जुडे है और उनके द्वारा क्या खरीदी कार्य किए जाते है और उनका वार्षिक टर्न ओवर कितना है इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए है कि एफपीओ में पंजीकृत सभी किसान सदस्यो के केसीसी जारी किए जाए उनके द्वारा दुग्ध उत्पादन हेतु जो भी पशु क्रय किए जाते है उनका बीमा हो। उन्होंने हरेक एफपीओ को खाद लायसेंस जारी करने के निर्देश दिए है ताकि स्थानीय स्तर पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की व्यवस्था क्रियान्वित हो सकें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने एफपीओ के माध्यम से संचालित गतिविधियों का जायजा लेने के दौरान उन्होंने सुकर पालन की और भी ध्यान देने की बात कही है। उन्होंने कस्टम हायरिंग, फार्म हाउस के संचालन हेतु पंचायतो में जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के संबंध में भी निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि हरेक एफपीओ में कम से कम एक-एक ड्रोन दीदी को रिस्पांस दिया जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने महिला किसान उत्पादक संगठन के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। जिले में डेयरी व्यवसाय को संचालित कर रहे महिला संगठनो के लिए किए जाने वाले प्रबंधो से अवगत हुए और एफपीओ के माध्यम से गौ-शाला संचालन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में बढोतरी हो कि और ध्यान देने के निर्देश दिए है। इस दौरान महिला किसान उत्पादक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने एफपीओ के माध्यम से संपादित किए जाने वाले कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सदस्यो की संख्या, उत्पादन की मात्रा और मार्केटिंग के साथ-साथ वार्षिक खर्च व आमदनी पर आधारित जानकारियां सांझा की गई है।

# 1 घंटे तक हुई भारी बारिश से निचली बस्तियों में भरा पानी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को शाम के समय तेज हवाओं के साथ 1 घंटे तक झमाझम बारिश होने से सड़कों पर पानी ही पानी नजर आ रहा था इतनी तेज बारिश हुई थी कि पानी से बचपन मुश्किल हो रहा था तलैया मोहल्ला ,कस्टम पथ हाजीपुर , पीरजादा पुरा सहित निचली बस्तियों में घुटनों घुटनों से ऊपर पानी बहराह था इस कारण सड़कों पर वाहनों के पहिए थम गए।निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों के घरों में पहली बार ही तेज बारिश इन के घरों में घुटनों ग तक पानी भर गया बारिश रुकने रने के बाद पानी को निकालने में यहां लोग लगे रहे दूसरी और नालियां चौक होने से और भी ज्यादा हालत खराब हो गए पानी में गंदगी सड़कों पर तैर रही थी 1 घंटे की बारिश में पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया गरीबों को सबसे ज्यादा परेशानी तेज बरसात से उठानी पड़ी नगर पालिका प्रशासन को उनकी समस्या को दूर करने के लिए क़दम उठाना चाहिए।



## कलेक्टर से इंटेक संयोजक ने मुलाकात की



**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता से इंटेक के प्रदेश संयोजक सेवानिवृत्त आइएएस श्री मदनमोहन उपाध्याय ने सौजन्य भेंट कर विदिशा जिले में पुरातत्व धरोवर की देखभाल , सौंदर्यकरण को बढ़ावा देकर पर्यटन स्थलों के प्रति रुझान बढ़े इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा उपरांत पर्यटन स्थलों के अवलोकन हेतु रवाना हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के करीब, 190 रन बनाकर गावस्कर से आगे निकल जाएंगे

# क्या सर ब्रैडमैन का महान रिकॉर्ड तोड़ देंगे शुभमन गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड में इतिहास रचने के करीब हैं। वे 2 ही टेस्ट में 3 शतक लगाकर 585 रन बना चुके हैं। 3 टेस्ट में 390 रन और बनाते ही शुभमन एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन जाएंगे। इस मामले में वे ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज डोनाल्ड ब्रैडमैन का 95 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे। वहीं शुभमन को एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला भारतीय भी बन सकते हैं। इस मामले में वे सुनील गावस्कर का 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे। इतना ही नहीं, वे इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय भी बन सकते हैं। शुभमन 3 बड़े रिकॉर्ड तोड़ने के कितने करीब हैं...**

**इंग्लैंड में टॉप स्कोरर बनने से 18 रन दूर-** शुभमन ने 2 ही टेस्ट में 585 रन बना दिए हैं। वे इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बनने से महज 18 रन दूर हैं। 603 रन बनाते ही वे राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ देंगे, जिन्होंने 2002 में 3 शतक लगाकर 602 रन बनाए थे। शुभमन 9 रन और बनाते ही इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन जाएंगे। इस मामले में वे विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। जिन्होंने 2018 में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे बॉलर्स के खिलाफ 593 रन बनाए थे।

**190 रन बनाते ही गावस्कर को पीछे कर देंगे-** शुभमन गिल 190 रन और बनाते ही एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय भी बन जाएंगे। इस मामले में वे सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4 ही टेस्ट में 774 रन बना दिए थे। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड बनाने वाला भारतीय बनने के लिए शुभमन को 128 रन ही चाहिए। वे 713 रन बनाते ही यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे, जिन्होंने पिछले साल ही घरेलू कंडीशन में 712 रन बनाए थे।



**148 रन बनाते ही कप्तानी का रिकॉर्ड बनाएंगे-** शुभमन गिल 148 रन और बनाते ही एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन जाएंगे। इस मामले में वे सुनील गावस्कर का 47 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे। जिन्होंने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट में 732 रन बनाए थे। शुभमन 71 रन और बनाते ही इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन जाएंगे। इस मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ेंगे, जिन्होंने 2016 में घरेलू कंडीशन में ही 655 रन बनाए थे। एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान भी डॉन ब्रैडमैन ही हैं। उन्होंने 1936-37 की ऐशेज में इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट में 810 रन बनाए थे। यह ब्रैडमैन की भी कप्तानी में पहली ही टेस्ट सीरीज थी। गिल 225 रन बनाते ही इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लेंगे।

### बतौर कप्तान सबसे तेज 1000 रन

शुभमन गिल बतौर कप्तान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन का रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। यह रिकॉर्ड भी ब्रैडमैन के नाम है, जिन्होंने 11 पारियों में 1000 रन बनाए थे। शुभमन को 6 पारियों में 415 रन और चाहिए। भारतीय कप्तानों में सुनील गावस्कर के नाम यह रिकॉर्ड है, जिन्होंने 14 पारियों में एक हजार रन पूरे किए थे।

### 390 रन बनाते ही वर्ल्ड रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान व दिग्गज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने 1930 में इंग्लैंड में ही 5 टेस्ट खेलकर 974 रन बनाए थे। शुभमन को डॉन से आगे निकलने के लिए 3 टेस्ट में 390 रन चाहिए। एक टेस्ट सीरीज में 900 रन बनाने का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के अलावा इंग्लैंड के वॉली हैमंड के नाम ही है।

### इंग्लैंड के साथ तीसरा टेस्ट मैच आज से, टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने शुरू की तैयारी

# लॉर्ड्स में ग्रीन पिच, बल्लेबाज चिंतित तेज गेंदबाजों का फिर दिखेगा दबदबा

**इंग्लैंड के अन्य स्टेडियम की तुलना में लॉर्ड्स में भारत का रिकॉर्ड बेहतर है।**

**19 टेस्ट मैच खेले हैं। 1986, 2014 और 2021 में तीन टेस्ट जीते, 12 में हार का सामना करना पड़ा है, चार मैच ड्रॉ रहे हैं।**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**एजबेस्टन में भारत से मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड टीम लॉर्ड्स में आज से खेले जानेवाले तीसरे टेस्ट में जीत से वापसी करना चाहती है। इसको देखते हुए इसीबी पिछले दो मैचों की तुलना में लॉर्ड्स की पिच तेज गेंदबाजों के अनुकूल बनाना चाहती है। लॉर्ड्स की पिच की जो पहली तस्वीर सामने आयी है, इसमें इंग्लैंड टीम की यह योजना साफ नजर आ रही है। पिच पूरी तरह से हरी नजर आ रही है। पिच पर अधिक घास होने से तेज गेंदबाजों को यहां अधिक उछाल और गति मिलेगी, जिससे बल्लेबाजों को थोड़ी परेशानी होगी।**

एजबेस्टन टेस्ट में टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 1000 से ज्यादा रन बना डाले थे। इंग्लैंड इस बार भारत को कम स्कोर पर रोकना चाहता है। हेड कोच ब्रैंडन मैक्कुलम ने इसके संकेत दे भी दिये थे। हालांकि भारतीय तेज गेंदबाजी भी बेहतर है। एजबेस्टन में मो सिराज और आकाशदीप ने शानदार गेंदबाजी की थी। इसको देखते हुए भारतीय गेंदबाजों को भी फायदा होगा और इंग्लैंड का दांव उल्टा भी पड़ सकता है।




**2018 में घास वाली पिच पर फंस गयी थी भारतीय टीम**

2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था और पारी 159 रन से हार का सामना करना पड़ा था। एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, क्रिस वोक्स ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था। भारत ने पहली और दूसरी पारी में क्रमशः 107 और 130 रन बनाये थे।

**बुमराह की वापसी से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण हुआ और भी मजबूत**

लॉर्ड्स में हमेशा से तेज गेंदबाजों का दबदबा रहता है। टीम इंडिया ने एजबेस्टन टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम देने का फैसला किया था। लॉर्ड्स में उनका खेलना तय है। अभ्यास भी किया। तेज गेंदबाजी आक्रमण और भी मजबूत होगा।

## बैकफुट पर आया बैजबॉल लॉर्ड्स में भिड़ंत रोमांचक

टीम इंडिया की इंग्लैंड सीरीज अब रोमांचक मोड़ पर है।दोनों टीमें 1-1 जीत के साथ बराबरी पर हैं।खेलप्रेमियों की नजरें अब लॉर्ड्स टेस्ट पर हैं,क्योंकि इस मैच में दोनों ही टीमें सीरीज मेंअपना दबदबा बनाये रखने के लिए मैच अपने नाम करने का प्रयास करेंगी।एक ओर जहां युवा कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में पहले मैच में मिली शिकस्त के बाद टीम इंडिया ने बुमराह की गैरमौजूदगी में धमाकेदार वापसी की है,वहीं मैकुलम-स्ट्रोक्स की बैजबॉल टीम एजबेस्टन टेस्ट की हार के बाद बैकफुट पर आ गयी है।मतलब साफ है कि टीम इंडिया भले ही लीड्स में हार गयी थी, लेकिन अब तक दोनों मैच में अधिकतर समय युवा गिल सेना ने अपना दबदबा बनाए रखा है।अगर हम लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर होने वाले इस मैच की एकादश पर नजर डालें तो फिर इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी के बाद टीम इंडिया का इस टेस्ट के लिए एक बदलाव होना तय है।यह देखना वाकई दिलचस्प रहेगा कि जसप्रीत बुमराह की वापसी किस खिलाड़ी की जगह होती है। तेज गेंदबाजों की मददगार लॉर्ड्स की विकेट पर टीम मैनेजमेंट इस मैच में भी आलराउंडरों पर दांव खेलता है या फिर विशुद्ध 4 गेंदबाजों को आजमाता है। वैसे टीम इंडिया की एकादश में 3 गेंदबाज व 2आलराउंडर का खेलना तो तय है।टीम इंडिया की एकादश के लिहाज से यही सबसे रोचक पहलू कहा जा सकता है।भले ही हाल फिलहाल में यह टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है,लेकिन सच तो यह है कि अगर भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से आगे हो सकती थी।वैसे तो क्रिकेट के खेल में अगर मगर के कोई मायने नहीं होते हैं और हकीकत यही है कि टेस्ट सीरीज में दोनों टीमों की जीत-हार का रिकॉर्ड बराबरी पर है लेकिन मेरे नजरिये में टीम इंडिया के पास सीरीज में मनोवैज्ञानिक बढ़त है।अब अगर हम एकादश के चयन से हटकर बात टॉस की करें तो फिर टेस्ट मैचों में टॉस जीतकर चेस करने की सफल रणनीति अपनाने वाली इंग्लैंड टीम के लिए एजबेस्टन की हार का असर लॉर्ड्स में देखने लायक रहेगा,बशर्ते इस मैच में भी सिक्का उसके पक्ष में गिरे।लॉर्ड्स के मैदान पर होने वाले अहम मुकाबले का फैसला क्या होगा यह तो वक्त ही बतायेगा, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि टीम इंडियाऔर इंग्लैंड के बीच आज से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मैच को लेकर रोमांच चरम पर है।दो दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर की वजह से यह मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।पहले दो टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी के अनुकूल मिली सपाट विकेट की तुलना में लॉर्ड्स की पिच पर ऊपर-नीचे उछाल के साथ सीम मूवमेंट की संभावना जताई जा रही है।यह तेज गेंदबाजों को फायदा पहुंचा सकती है,सही मायने में बल्लेबाजों के लिए सीरीज में यह पहली असल परीक्षा होगी।



**आलोक गोरस्वामी**
खेल विश्लेषक

**मनोरंजन**
**बॉलीवुड का कोना**



## इमोशन-इंटेंसिटी से भरा 'धड़क 2' का पोस्टर रिलीज, जबरदस्त है लव स्टोरी

बॉलीवुड के चार्मिंग हार्टथ्रॉब सिद्धांत चतुर्वेदी और नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी की अगली फिल्म धड़क 2 का नया पोस्टर सामने आ गया है। इसे देखकर कहना गलत नहीं होगा, ये पोस्टर पूरी तरह सिनेमैटिक आग है।1 अगस्त को रिलीज होने जा रही इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के लिए पहले ही काफी बज था, लेकिन अब इस नए पोस्टर ने फैंस की एक्साइटमेंट को और भी ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

पोस्टर में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की जोड़ी दमदार नजर आ रही है। सिद्धांत की आंखों में जुनून है, लेकिन उनके हावभाव एक गहरी संवेदनशीलता भी दर्शाते हैं। वहीं तृप्ति की मौजूदगी में एक खामोश ताकत है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री एक ऐसी लव स्टोरी का इशारा कर रही है जो कच्ची, सच्ची और बहुत ही इमोशनल होने वाली है। पोस्टर के साथ ही बताया गया है कि इस शुक्रवार, 11 जुलाई को धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज होगा। सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म के म्यूजिक से जुड़ा एक रहस्यमयी और बेहद दिलचस्प हिंट भी शेयर किया है। इसे पढ़कर लग रहा है जैसे कोई कला से भरा सपना देखा गया हो। इसमें लिखा है- शैलेन्द्र की कविता। भगत सिंह का शेर। किशोर कुमार की आवाज। थॉमस जेफरसन के शब्द। थोड़ा स्क्रय। और म्यूजिक ऑर्केस्ट्रेशन बुडापेस्ट में। ये लाइनें साफ करती हैं कि धड़क 2 का म्यूजिक, एक भावनात्मक तूफान जैसा होने वाला है।

## आलिया भट्ट को एक्स असिस्टेंट ने दिया धोखा फर्जी साइन बनाकर लूटे 76 लाख रुपये

**बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस आलिया भट्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, आलिया की पूर्व सेकेट्री वेदिका शेट्टी को धोखाधड़ी के मामले में मुंबई की जुहू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वेदिका पर आलिया भट्ट के साथ 76 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है।**

आलिया भट्ट की मां और एक्ट्रेस सोनी राजदान ने वेदिका की शिकायत पुलिस में की थी। सोनी की शिकायत पर पुलिस ने ये मामला कुछ महीनों पहले दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद करीब 5 महीने बाद आरोपी वेदिका शेट्टी को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे 8 जुलाई को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने वेदिका को 10 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। 16(4),318(4) के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार किया है। वेदिका फ्रॉड के बाद फरार हो गई थी। आरोपी वेदिका ने आलिया के फर्जी हस्ताक्षर करके दो साल में 76 लाख 90 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। ये धोखाधड़ी उसने आलिया भट्ट की प्रोडक्शन कंपनी इटरनल सनशाइन प्राइवेट लिमिटेड और एक्ट्रेस के अकाउंट से की है। फिलहाल मुंबई पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। अभी इस मामले को लेकर आलिया भट्ट और उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



### कब हुई थी आलिया के प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत?

बात अगर आलिया के प्रोडक्शन हाउस की करें तो इटरनल सनशाइन प्राइवेट लिमिटेड को आलिया भट्ट ने 2021 में लॉन्च किया था। इस बैनर तले हैप्पी फिल्में बनाने का वादा किया गया था। नेटफ्लिक्स पर आईं फिल्म डार्लिंग्स, आलिया के प्रोडक्शन बैनर तले बनी पहली फिल्म थी। इसके को-प्रोड्यूसर शाहरुख खान (रेड चिलीज प्रोडक्शन) थे। पिक्चर में आलिया भट्ट के साथ विजय वर्मा और शेफाली शाह को देखा गया था। आलिया भट्ट के प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वो यशराज स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन चुकी हैं। उन्हें जल्द फिल्म एल्फा में देखा जाएगा। फिल्म में आलिया के साथ शरवरी नजर आएंगी। ये प्रोजेक्ट 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगा। इसके अलावा आलिया को पति रणबीर कपूर और एक्टर विक्की कौशल के साथ संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वार में देखा जाने वाला है।



**मेट्रो बाजार**

## फिर आया हिंडनबर्ग जैसा भूत, इस बार वेदांता हुआ शिकार

**मुंबई।** हिंडनबर्ग जैसा भूत फिर वापस आ गया है। इस बार अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता इसका निशाना बन गई। एक रिपोर्ट ने वेदांता के वित्तीय मॉडल और कर्ज के ढांचे पर सवाल उठाए, जिसके बाद निवेशकों में अफरा-तफरी मच गई और शेयर बाजार में वेदांता के शेयर धड़ाम हो गए। बी.एस.ई. में वेदांता के शेयर इंट्राडे में 7.7 प्रतिशत गिरकर 421 रुपए पर पहुंच गए, वहीं हिंदुस्तान जिंक के शेयर भी 4.8 प्रतिशत टूटकर 415.30 रुपए पर पहुंच गए। इन दोनों कंपनियों के शेयर में इस गिरावट के पीछे अमरीका की एक शॉर्ट सेलर कंपनी की रिपोर्ट बताई जा रही है। दरअसल हाल ही में अमरीका की शॉर्ट-सेलर कंपनी वायसराय रिसर्च की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें उसने वेदांता ग्रुप की वित्तीय व्यवस्था पर सवाल उठाए और इसकी पेरैंट कंपनी वेदांता रिसोर्स की तुलना एक पोंजी स्कीम से कर दी। वायसराय ने कहा कि पूरे ग्रुप की संरचना वित्तीय रूप से अस्थिर है, संचालन में भी दिक्कत है और इसके कर्जदाताओं के लिए यह एक बड़ा लेकिन कम आंका गया जोखिम है। रिपोर्ट में वेदांता रिसोर्स को 'एक परजीवी होल्डिंग कंपनी' बताया गया है, जिसका खुद का कोई बड़ा कारोबार नहीं है और यह पूरी तरह वेदांता लिमिटेड से निकाले गए पैसों के सहारे चल रही है। कंपनी पर आरोप है कि वेदांता रिसोर्स अपनी कर्ज की जरूरतों को पूरा करने के लिए वेदांता लिमिटेड से लगातार पैसा निकाल रही है, जिससे ऑप्रेटिंग कंपनी को बार-बार उधार लेना पड़ रहा है।




## ब्यूटी मार्केट में विदेशी कब्जा, 5 साल में दोगुना हुआ इम्पोर्ट– भारतीय ग्राहक दीवाने

**नई दिल्ली।** भारत में स्किनकेयर और मेकअप प्रोडक्ट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है, खासकर अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के लिए। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में मेकअप और स्किनकेयर उत्पादों का आयात 171.9 मिलियन डॉलर (करीब 1,500 करोड़) तक पहुंच गया है, जबकि यह आंकड़ा एफआई20 में 80.9 मिलियन डॉलर था यानी पांच साल में इसमें दोगुने से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई।



**प्रीमियम ब्यूटी मार्केट में विदेशी ब्रांड्स की बढ़ती भागीदारी–** एस्टी लॉडर, शिसेडो, बॉबी ब्राउन, मैक और क्लिनिक जैसे इंटरनेशनल ब्रांड्स भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। इन ब्रांड्स को भारत में मैनेज करने वाली कंपनी शॉपर्स स्टॉप के अनुसार, देश में हाई-एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स के लिए मजबूत मांग उभर रही है।

शॉपर्स स्टॉप के ब्यूटी चीफ एग्जीक्यूटिव बीजू कासिम ने बताया कि भारतीय ग्राहक अब वैश्विक ब्रांड्स के बारे में ज्यादा जागरूक हैं और वे बेहतर क्वालिटी के प्रीमियम उत्पादों की मांग कर रहे हैं। यही वजह है कि अब चीन, साउथ कोरिया और जापान जैसे देशों से आयात भी तेजी से हो रहा है।

**मेकअप और स्किनकेयर उत्पादों का इम्पोर्ट –** लिप मेकअपः 61.2 मिलियन डॉलर का इम्पोर्ट, जिसमें चीन अकेले 25 मिलियन डॉलर के साथ टॉप पर रहा।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** एमपी नगर स्थित शिवाजी नगर, 123 की लाइन झुग्गी में बुधवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस के अनुसार रूचि त्रिपाठी, 123 की लाइन शिवाजी नगर झुग्गी में रहती हैं और मंत्रालय में नौकरी करती हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनके पति आशीष त्रिपाठी पिता अनिल त्रिपाठी (32) उनके साथ 123 की लाइन शिवाजी नगर में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। बुधवार को आशीष ने कमरे में फांसी लगा ली। दोपहर करीब तीन बजे वह घर पहुंची तो आशीष को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।



## सिक्योरिटी गार्ड को कार ने मारी टक्कर, मौत



**भोपाल।** कोहेफिजा?थाना क्षेत्र स्थित स्पंदन अस्पताल के सामने लालघाटी पर तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे चौकीदार को टक्कर मार दी। हादसे में चौकीदार को गंभीर चोट आई?थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मौत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। टक्कर मारने के बाद कार का चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया था। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार दयालाल गढ़वाल (53) गांधी नगर में रहते थे और निजी सुरक्षा एजेंसी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। मंगलवार रात करीब सवा दस बजे के आसपास लालघाटी स्थित स्पंदन अस्पताल के सामने से वह सड़क पार कर रहे थे, तभी अज्ञात कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से उन्हें गंभीर चोट आई?थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषत कर दिया। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि टक्कर मारने के बाद कार का चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए थे, लेकिन कैमरे बंद है।

## काटजू अस्पताल में महिला का मंगलसूत्र चोरी

**भोपाल।** जवाहर चौक के पास काटजू अस्पताल में एक महिला का मंगलसूत्र चोरी हो गया। अस्पताल में पर्चा बनवाने के दौरान अज्ञात ने मंगलसूत्र गले से निकाल लिया। महिला को उस समय भनक तक नहीं लगी। घर जाने के बाद महिला को जब मंगलसूत्र नहीं होने का अहसास हुआ तो अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज देखे गए। जिसमें कुछ संदिग्ध चोरी करते हुए दिख रहे है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक राजीव नगर अशोका गार्डन निवासी सौरभ तिवारी प्रायवेट जॉब करते हैं। विगत 21 जून को सौरभ अपनी पत्नी, मां और बच्चे के साथ काटजू अस्पताल पत्नी का इलाज कराने गए थे। महिला ने पर्चा बनवाया और इलाज कराने के बाद घर चली गई। घर जाने पर मालूम हुआ कि किसी ने मंगलसूत्र चोरी कर लिया। अस्पताल जाकर जब सीसीटीवी देखे गए तो संदिग्ध महिला गले से मंगलसूत्र उतारते और चोरी करते नजर आ रही है। मामले की शिकायत पुलिस से कर दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



### हबीबगंज थाना क्षेत्र का मामला

# अगवा लड़कियों को बेचकर शादी कराने वाले गिरोह के 4अन्य सदस्यों की सरगर्मी से तलाश

- **सरगना और खरीदार सहित दो गिरफ्तार, 17 साल की किशोरी को राजस्थान में पौने 3 लाख रुपए में दिया था बेच**
- **शपथ पत्र पर कराई शादी, बंधक बनाकर खरीदार कर रहा था किशोरी से दुष्कर्म**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र से अगुवा 17 साल की किशोरी को दो लाख 75 हजार रुपए में राजस्थान के युवक को बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मानव तस्कर गिरोह ने शपथ पत्र पर किशोरी की शादी करा दी थी। खरीदार बंधक बनाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। मानव तस्करी का खुलासा उस समय हुआ, जब हबीबगंज पुलिस ने अगवा नाबालिग की तलाश करते हुए सीकर राजस्थान पहुंची। पुलिस ने मानव तस्कर गिरोह की सरगना को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरोह के फरार चार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि अरेरा कॉलोनी इलाके में रहने वाली 17 साल की किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है। दो फरवरी 2025 को कोचिंग नहीं जाने पर मां ने उसे फटकार लगा दी। इससे वह नाराज होकर घर से चली गई।

रिश्तेदारों के घर तलाश करने के बाद परिजन ने हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस हरकत में आ गई। अपहरण का मामला दर्ज करते हुए पुलिस की टीम 12 नंबर मल्टी पहुंची। यहां रहने वाली अंकिता (19) से पुलिस ने पूछताछ की। अंकिता किशोरी की दोस्त थी और उसकी शादी झालावाड़ राजस्थान में हुई है। वह अपनी ससुराल में रहती है।

जांच में पता चला कि किशोरी फतेहपुर जिला, सीकर राजस्थान के एक घर में है। पुलिस करीब पांच महीने 5 जुलाई को राजस्थान के सीकर जिले पहुंची और किशोरी का सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी ने बताया कि घर से भागकर वह अपनी दोस्त अंकिता के पास झालावाड़ राजस्थान चली गई थी। वहां अंकिता को पता चला कि हबीबगंज पुलिस उसकी दोस्त की तलाश में 12 नंबर मल्टी स्थित उसके घर भी पहुंची है।

अंकिता ने भोपाल में रहने वाली अपनी ननद दुर्गा कसवे से कहा कि वह उसकी दोस्त को पुलिस थाने में पेश करा दे। इसके बाद दुर्गा ने अपनी परिचित कुसुम विश्वकर्मा से अगवा किशोरी को मिलाया और उसके सुपुर्द कर दिया। करीब सवा दो माह कुसुम ने उसे अपने घर में रखा।



### राजस्थान के युवक से आरोन में हुआ सौदा

करीब सवा दो माह बाद 29 जून 2025 को अपनी साथी रोशनी, प्रदीप जैन, सुनील व एक अन्य लडके के साथ मिलकर किशोरी को जिला गुना के आरोन में ले जाकर फतेहपुर जिला सीकर राजस्थान निवासी नरेन्द्र कुमार को 2 लाख 75 हजार रुपए में बेच दिया। आरोपियों ने शपथ पत्र बनवाकर उसकी शादी करा दी। आरोपी नरेन्द्र ने बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म किया। इस बीच पुलिस को अंकिता के मोबाइल की कॉल डिटेल से उसकी ननद दुर्गा कसवे का नंबर मिला। दुर्गा कसवे की सीडीआर निकलवाने पर कुसुम के बारे में जानकारी हासिल हुई। कुसुम की कॉल डिटेल में अंकिता का नंबर भी था। लिहाजा पुलिस ने कुसुम विश्वकर्मा (47) निवासी मालती अपार्टमेंट, राजेन्द्र नगर स्टेशन बजरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने गिरोह की मदद से किशोरी को बेचना कुबूल कर लिया। खुलासा होते ही पुलिस ने कुसुम की निशानदेही पर फतेहपुर जिला सीकर जाकर किशोरी को दस्तयाब कर उसे खरीदने वाले आरोपी नरेन्द्र कुमार डारा उर्फ मोदी (25) निवासी ग्राम गारिंडा तहसील फतेहपुर जिला सीकर राजस्थान को गिरफ्तार किया।

## पुलिस ने मांगी किराएदार, पेइंग गेस्ट होटलों में रुकने वालों की जानकारी

**भोपाल में धारा 163 के तहत जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश, पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत नगरीय क्षेत्र भोपाल में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार राजधानी में आवासों में किराए से एवं पेइंगगेस्ट के रूप में रहने वाले व्यक्तियों की जानकारी मकान मालिक को नजदीकी थाने पर देनी होंगी। यहां पर आवासरत लोगों के घरों में काम करने वाले नौकरों, छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं एवं अन्य निवास की जगहों पर रहने वाले व्यक्तियों की जानकारी पुलिस प्रशासन को देनी आवश्यक है। इसके साथ ही राजधानी में आने-जाने वाले मुसाफिरों, जो कि शहर के विभिन्न होटल, लॉज, धर्मशाला, रिजोर्ट, रेस्टहाउस जैसे प्रतिष्ठानों में रुकते हैं तो निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार थाने में जानकारी देनी होगी। यह आदेश आगामी दो महीने तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित प्रारूप पर देनी होगी जानकारी जारी आदेशानुसार कोई भी मकान मालिक जो अपना मकान या उसका कोई हिस्सा किराए पर देता है तो उसे एक सप्ताह के भीतर किराएदार या पेइंगगेस्ट का विवरण निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिजन पोर्टल पर आवश्यक रूप से देना होगा। पूर्व से रह रहे किरायेदार या नौकर का विवरण भी निर्धारित प्रारूप में भरकर यह आदेश जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिजन पोर्टल पर आवश्यक रूप से देंगे। किसी भी व्यक्ति का घरेलू नौकर या उनका सहायक का विवरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिजन पोर्टल पर देंगे। होटल, लॉज और धर्मशाला पर आदेश प्रभावी होटल, लॉज, धर्मशाला, रिसोर्ट के प्रबंधक, मालिक उनके यहां रुकने वाले व्यक्तियों का व्यक्तिगत विवरण पूर्ण रूप से रजिस्ट्रर में दर्ज करेंगें एवं इसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर जो भी स्थानीय स्तर पर प्रक्रिया निर्धारित की जाये उस अनुसार देंगे। इसी प्रकार छात्रावास संचालक छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं का विवरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर देंगे। ठेकेदार-भवन निर्माणकर्ता निर्माण कार्य में लगे मजदूर कारीगरों का विवरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर देंगे। ठेकेदार, भवन निर्माणकर्ता निर्माण कार्य में लगे मजदूर, कारीगरों का विवरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर देंगे।



## तीन दिन से गुमशुदा युवक की तालाब में मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। खजूरी सड़क पर पुलिस ने भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल के पास तालाब से एक युवक की लाश बरामद की है। युवक 6 जुलाई की दोपहर से लापता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि गत 6 जुलाई को वह अपने तीन चार दोस्तों के साथ तालाब पहुंचा था। उसे नशे अधिक हो गए तो दोस्त उसे छोड़कर लौट आए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार मनीष यादव पिता स्वर्गीय भारत सिंह यादव (19) इंद्रा नगर, बैरागढ़ में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता नहीं है। मां के साथ वह रहता था। एएसआई प्रवीण सिंह बैस ने बताया कि उसकी लाश सुबह मछुआरे बालचंद माझी ने तालाब में उतरती देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश बाहर निकलवाई और पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी।

**दो दिन पहले मां ने कराई थी गुमशुदगी**– मनीष यादव गत 6 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे घर से निकला था। देर रात वह घर नहीं आया तो मां ने आसपास और रिश्तदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। 7 जुलाई की रात मां ने बैरागढ़ थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। 9 जुलाई बुधवार को तालाब में लाश मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के थानों में संपर्क किया तो मनीष की गुमशुदगी की जानकारी मिली। परिजन से संपर्क करने के बाद उन्हें लाश दिखाई गई। परिजन ने मनीष की पहचान कर ली है।

**अत्यधिक नशे का आदी था मृतक**– पुलिस ने बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन ने बताया कि मनीष सुलोचन, गांजा और शराब सभी तरह के नशे करता था। उसके दोस्तों ने बताया कि वह उनके साथ 6 जुलाई को तालाब किनारे गया था। उसे नशा अधिक हो गया। उसे चलने का कहा, लेकिन वह होश में नहीं था। देरी होने के कारण वह सभी लौट आए थे।



**मेट्रो एंकर** | सीमैट से एक हजार 488 और एमसीए में एक हजार 371 विद्यार्थियों ने कराए थे पंजीयन

## एमबीए व एमसीए सीटों का आवंटन 14 जुलाई तक ले सकेंगे प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तकनीकी शिक्षा विभाग ने प्रथम चरण की एमबीए और एमसीए सीटों का आवंटन कर दिया है। प्रथम चरण में एमबीए में सीमैट से एक हजार 488 और एमसीए में एक हजार 371 विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने के लिए पंजीयन कराए थे। उनकी च्वाइस फिलिंग के बाद विभाग ने मेरिट सूची जारी की थी। विभाग ने एमबीए के 148 कॉलेज की 28 हजार 770 सीटों के लिए एक हजार 332 विद्यार्थियों का अलॉटमेंट किया है। इसी तरह एमसीए के 48 कॉलेजों की चार हजार 345 सीटों के लिए एक हजार 92 विद्यार्थियों का अलॉटमेंट किया है। विद्यार्थी 14 जुलाई तक संस्था में दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।



**द्वितीय चरण के पंजीयन आज से होंगे शुरू** – द्वितीय चरण की काउंसलिंग में स्नातक स्तर पर पंजीयन किए जाएंगे। इसमें विद्यार्थी 10 से 19 जुलाई तक पंजीयन करा पाएंगे। पंजीयन में सुधार 21 से 23 जुलाई तक होगा। 24 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी होगी। 28 जुलाई को आवंटन होगा। विद्यार्थी एक अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद तीन सीएलसी 2 से 14 अगस्त तक होंगी।

**इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का आज अंतिम दिन**– प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में 8 हजार 883 विद्यार्थियों के अपग्रेडेशन के तहत अलॉटमेंट जारी किए गए हैं। गुरुवार तक विद्यार्थी फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद विभाग दूसरे राउंड के तहत 12 जुलाई के 12वीं के आधार पर पंजीयन कराएगा। 13 और 14 जुलाई को पंजीयन में सुधार हो सकेगा। विद्यार्थी 16 जुलाई तक च्वाइस फिलिंग कर पाएंगे। विभाग 17 को मेरिट जारी कर 21 जुलाई को आवंटन करेगा। विद्यार्थी 25 जुलाई तक शाम पांच बजे तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

**कल बीसीए और बीबीए का आवंटन**– प्रदेश के 200 बीबीए और बीसीए कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए करीब 13 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। विभाग शुक्रवार को उनके अलॉटमेंट जारी करेगा। इसमें बीबीए में छह हजार 540 और बीसीए में तीन हजार विद्यार्थियों की च्वाइस फिलिंग हुई थी। विद्यार्थी 16 जुलाई तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

## छोला अमित वर्मा मर्डर केस : पुलिस कस्टडी में राजा खटीक पर हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित लीलाधर कॉलोनी में अमित वर्मा मर्डर केस में नया मोड़ आ गया है। अमित वर्मा जिस राजा खटीक की बर्थडे पार्टी में गया था। उसी राजा खटीक पर ब्लेड से हमला होने का मामला सामने आया है। राजा खटीक पर पुलिस कस्टडी में हमला हुआ है। इधर राजा के साथियों ने पुलिस पर ब्लेड से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। राजा को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजा खटीक पर हमला होने की जानकारी लगते बड़ी मात्रा में उसके साथी हमीदिया अस्पताल पहुंचे वहां उन्होंने राजा खटीक का घायल अवस्था में वीडियो बनाया है। वीडियो में राजा खटीक थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नजर आया है। उसका कहना है कि उसे पुलिस जबरन उठा कर ले गई थी और उस पर झूठा केस बनाया जा रहा था। उसने विरोध किया तो थाना प्रभारी ने उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। इधर पूरे प्रकरण में पुलिस ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि लीलाधर कॉलोनी में नसीम उर्फ बन्ने खान ने अपने साथी वसीम सहित 6 लोगों के साथ मिलकर राजा खटीक और उसके साथ मौजूद दोस्तों से मारपीट करते हुए फायर कर दिया था। फायर होने के बाद दो गोली अमित वर्मा को सर और सीने में लगी थी। इस घटना में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी नसीम वसीम सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया था। उक्त प्रकरण में अभी दो आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है।

### सवा लाख में बेच दी शासकीय भूमि तहसीलदार की शिकायत पर केस दर्ज

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित अनंतपुरा की एक शासकीय भूमि फर्जी विक्रय अनबुंध बनाकर बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहसीलदार की शिकायत पर फर्जी तरीके से भूमि बेचने व खरीदने वाले आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार तहसीलदार ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि फारूख अहमद नामक व्यक्ति ने फर्जी अनुबंध पत्र तैयार कर जून 2013 में एक लाख 30 हजार रुपए में अनंतपुरा की सरकारी जमीन मेहफूज अहमद निवासी वसुंधरा कॉलोनी जहांगराबाद, को एक लाख 30 हजार रुपए में बेच दी है। आरोपी ने उसी जमीन का दानपत्र भी तैयार करवा लिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022